I think there can be no other policy. Let our friends suggest certain concrete steps that may be taken. We have an unequivocal statement regarding this position that this aggression must be vacated, that we will try to get it done through negotiations and we are getting more and more friends on our side; the entire world is raising its voice on this issue and China is completely isolated in this matter. But we are not just content with this; at the same time, we are fully strengthening our defence. That is the best that we can do in this matter.

Coming to domestic affairs, I will refer to the third Five Year Plan. We will first take an appraisal of what we have done during the first two Plans. During this decade, it can be said with definite satisfaction that we have truly laid down the foundation for a planned economy and development in this country. That is the surest way of going ahead. In matters of basic industries, we have steel which is important, coal which is no less important and oil and gas. We have given topmost priority to these basic things, so that our development goes ahead and our dependence on other countries is reduced to the minimum. We have also made remarkable progress in the manufacture of engineering goods and machine tools.

Our industrial production has gone up by 66 per cent, our food production by 42 per cent and our national income by 40 per cent. While we fully appreciate all these achievements and the basic soundness of the policy, let me say with absolute frankness that I am not satisfied with this on two accounts. This achievement is not to be viewed in isolation. Let us see how other comparable countries have fared in the world. There can be no better friend of India in this matter than Mr. Kennedy, who wants that this country should go ahead from success to success in material and developmental achievement. He took an appraisal of the entire situation and there is a whole article based on this under the heading "We want India to win the race". In his appraisal, he feels constrained to say:

"But the harsh facts of the matter are that in the last decade China has surged ahead of India in most sectors of its economy. Its gross national output has expanded about three times as fast. In terms of industrial capacity, investment, education and even household consumption, China has slowly pulled up and now moved ahead. Its food production has nearly doubled, while India's has increased by less than 50 per cent. By the most authoritative estimates, at present levels of agricultural growth, India will have by 1965 a food production deficit of over 25 million tons...." etc.

Experts have examined the facts and this appraisal has been given by a real and sincere friend of this country, who wants to help this country to go ahead. Let us not forget this.

The most important thing is our exports. I am not satisfied with our achievements in respect of our exports. During this decade, our exports have not gone up even by 20 per cent. When we examine it analytically, we find that our exports have fallen. To say that in 1950 we were exporting goods worth about Rs. 500 crores and now it is Rs. 600 crores does not give us the real picture. In the all-India context, let us examine the world

[Shri Harish Chandra Mathur]

trade figures. In 1950. In 1950, taking trade with the western countries India's percentage of the total world percentage was 2·6 per cent; it has now come down to 1·3 per cent. This is a very clear indication that our export trade with the western countries has not kept pace, although we might have made a certain progress. Not only it has not kept pace with the world trade, but rather it has gone down very much. That is a thing which needs examination by our Government.

About panchayat raj, the President has made a very deserved reference to the ushering in of panchayat raj. and has hoped that institutions of panchayat raj will be introduced in the various States. Rajasthan and Andhra have come for special mention. Rajasthan deserves particular attention in this matter. It has attracted a lot of attention, because it has gone the whole hog in this matter, because we have covered the entire area. There are certain people who felt that it is only because of our immaturity and backwardness that we have rushed into this scheme. They felt, fools come in where angels fear to tread. But our achievement during the last year has proved that it is not that way, but it is just the other way round.

Various observation teams which had been sent to Rajasthan have given commendable reports. Rajasthan has also got the fullest support of the Prime Minister, who is never tired of making reference to the panchayat raj and the achievements of Rajasthan. But certain doubts have been raised about our success because of the recent Panchayat elections that have taken place in Rajasthan. It has been stated that reactionary forces have come up, feudal forces have come up, communal feelings have been aroused and they have seized power. There is a certain amount of truth in this statement. But still, I am not in the least alarmed or worried about it. What has happened is not because the health of the people is not sound, but because of certain dirty noses poked in by those in authority and because of the abuse of administrative machinery.

It is absolutely necessary that a true assessment must be made of the whole situation. These recent elections have got certain lessons to teach not only to Rajasthan but to the entire country, at the cost of Rajasthan. Those lessons and problems which have been thrown up because of the recent elections will definitely have to be borne in mind.

I wanted to say another word about administration but, as my time is over, I will resume my seat.

डा० गोविन्द दास (जबलपुर) उपाध्यक्ष जी, श्री भक्त दर्शन जी ने जो प्रस्ताव यहां उपस्थित किया है मैं उसका समर्थन करता हूं ।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में हमारे देश से सम्बन्ध रखने वाली भीतरी और बाहरी दोनों प्रकार की बातों पर सुन्दर प्रकाश डाला है ।

जहां तक बाहरी बातों का सम्बन्ध है, चीन का आक्रमण, काश्मीर और गोआ के सदृश प्रश्नों को भी कुछ पीछे ही डाल देता है । चीन और हमारे बीच की सीमा सम्बन्धी जो समस्याएं हैं उन समस्याओं पर विचार करने के लिए जो एक समिति मुकर्रर हुई थी उसमें हमारे सदस्यों ने परिश्रम कर जो बातें हमारे सामने रखी हैं वे एक प्रकार से अकाट्य हो जाती हैं । और जहां तक उन सदस्यों की इन बातों का सम्बन्ध है, मुझे इस बात पर बड़ा हर्ष होता है कि केवल कांग्रेस दल के सदस्यों ने ही नहीं, परन्तु राज्य सभा और इस सदन के करीब करीब सभी दलों के

सदस्यों ने उन लोगों की प्रशंसा की है । हमारे प्रधान मंत्री जी ने कल राज्य सभा में यह बात स्पष्ट कर दी कि जब तक चीन हमारे भूखंड को नहीं छोड़ता, तब तक इस प्रश्न का हल हो ही नहीं सकता । मैं समझता हूं प्रधान मंत्री जी की इस घोषणा को देश में सर्वत्र समर्थन मिलेगा, और इसका स्वागत होगा ।

परन्तु यह बात निर्विवाद है कि हमारी भीतरी और बाहरी बातें, समस्याएं, प्रश्न, इन सब का निपटारा, इन सब का हल, एक बात पर निर्भर है, और वह है हमारी एकता । फूट हमारी राष्ट्रीय ऐतिहासिक कमजोरी रही है । सैकड़ों नहीं, दो ढाई हजार वर्ष के इतिहास को हम देखें तो भी हमें वह कमजोरी स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है । जब सिकन्दर का हमारे देश पर आक्रमण हुआ उस समय पश्चिमोत्तर में एक भारतीय नरेश आम्भीक मिल ही गया सिकन्दर का स्वागत करने के लिए । जब हूणों का हम पर आक्रमण हुआ उस समय क्योंकि गुप्तों का राज्य था और गुप्त वैष्णव थे, इसलिए बौद्धों ने हूणों को मदद दी । जब मुसलमान पहले पहल यहां आये, और वे उस समय विदेशी थे, उस समय जैचन्द ने उनका स्वागत किया, और अंग्रेजों का स्वागत करने के लिए भी मीर जाफर और अमी चन्द के सदृश व्यक्ति मिल गये ।

इस राष्ट्रीय कमजोरी के अभी भी अनेक बार दृश्य दिखायी दे जाते हैं । राजा राम मोहन राय से लेकर महात्मा गांधी तक ने और उनके बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत में इसके निवारण करने का बहुत प्रयत्न किया परन्तु अभी तक तो उसमें पूरी सफलता नहीं मिली है । कभी हिन्दू और मुसलमान लड़ते हैं, कभी सिखों और हिन्दुओं का झगड़ा होता है, कभी हिन्दू और जैन लड़ते हैं । अभी आसाम में कुछ दिन पहले जो झगड़ा हुआ वह दो राज्यों, बंगाल और आसाम, के निवासियों का झगड़ा था । ये संघर्ष कभी धर्म के नाम पर, कभी राज्य पुनर्गठन के नाम पर तो कभी भाषा के नाम पर होते हैं ।

हिन्दू सम्प्रदायवादी गांधी जी की हत्या के बाद दबे थे । उनका फिर उत्पकर्ष हो रहा है । उनके अनेक स्थानों से दैनिक पत्र तक निकलने लगे हैं और उनमें सम्प्रदायवादिता का बड़े जोरों से प्रचार होता है । मुस्लिम लीग से केरल में हमारा जो समझौता हुआ उसे यद्यपि मैं कोई गलत बात नहीं मानता, लेकिन उस समझौते ने हमारे पुराने सम्प्रदाय-वादी मुसलमानों को भी उभारा और उस समझौते का वे नाजायज फायदा उठाना चाहते हैं । अभी उज्जैन में जमैयते उल उलेमा का एक जलसा हुआ । जमैयत ऐसी संस्था थी जिसने हमें गाढ़े वक्त पर मदद दी थी । वह राष्ट्रीय संस्था थी । लेकिन मैंने जमैयत के इस अधिवेशन के भाषणों को जब पढ़ा तो मैं दंग रह गया कि जमैयत में इस प्रकार के भाषण कैसे होते हैं । कल स्वामी रामानन्द तीर्थ जी ने जो भाषण दिया उसको मैं पढ़ रहा था । उन्होंने मैसूर की एक घटना बतायी । उन्होंने बतलाया कि वहां के कुछ सम्प्रदायवादी मुसलमान किस प्रकार पाकिस्तानी नारे लगाते हुए एक जलूस में निकले थे । और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मुझे इस बात का भय है कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे वोट प्राप्त करने के लिए यह सम्प्रदाय-वादिता बढ़ रही है । न मालूम आगे आने वाले चुनावों तक इसका क्या नतीजा निकलेगा ।

अभी जबलपुर में जो कुछ हुआ, क्योंकि मैं जबलपुर से आता हूं, मेरा सिर शर्म से झुक जाता है । जबलपुर के इस कांड पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी ने जो प्रस्ताव पास किया है, उसका मैं हृदय से स्वागत करता हूं । मुझे इस बात का बड़ा हर्ष है कि इस कांड की पूरी जांच करने के लिए एक उच्च स्तरीय कमीशन या कमेटी नियुक्त होगी । मैं इस लोक सभा के मंच से जबलपुर निवासियों से कहना चाहता हूं, मध्य प्रदेश के निवासियों से कहना चाहता हूं और दूसरे लोगों से कहना चाहता हूं कि जब तक इस जांच कमेटी की रिपोर्ट न आ जाये तब तक वे

[डा० गोविन्द दास]

पूरा मौन धारण कर लें। इस जांच कमेटी के काम में वे पूरी पूरी सहायता दें और इस जांच कमेटी की जो भी रिपोर्ट हो उसको स्वीकार करना प्रत्येक देश निवासी का, कम से कम प्रत्येक राष्ट्र-भक्त का, कर्तव्य होना चाहिए।

परन्तु प्रश्न यथार्थ में किसका दोष है, यह नहीं है। साधारण जनता इन बातों में दोषी नहीं होती। इस प्रकार की राष्ट्रीय कमजोरी हमारे दिलों में है। प्रधान मंत्री जी ने बहुत ठीक कहा है कि अभी हमारे दिल साफ नहीं हैं इन मामलों में, उस कमजोरी का जो समाज विरोधी तत्व हैं वे फायदा उठाते हैं, और उससे हानि होती है, उसका फल भोगना पड़ता है निर्दोषों को।

हिन्दू देश में बहुमत में हैं। अतः एकता की स्थापना का सब से बड़ा उत्तरदायित्व मैं हिन्दुओं पर मानता हूं। यह उत्तरदायित्व हमारे सांस्कृतिक सिद्धान्तों के कारण और अधिक बढ़ जाता है। हमारे ऋषि मुनियों ने, हमारे तत्ववेत्ताओं ने, हमारे सन्तों ने, हमारे भक्तों ने, इस समस्त सृष्टि में एक ब्रह्म के दर्शन किये थे। हम अपने और समस्त सृष्टि के जीवों में कोई अन्तर नहीं मानते। हमारा मूल वाक्य रहा सदियों तक, युगों तक, वसुधैव कुटुम्बकम्। हमारे देश का बहुमत ईश्वरवादी रहते हुए चारवाक का निरीश्वर-वादी धर्म भी यहां पनपा। बौद्धों और जैनों का धर्म भी निरीश्वरवादी है। वह भी यहां पनपा। और ऐसी संस्कृति वाले यदि इस प्रकार के झगड़े करें, इस प्रकार के झगड़ों पर उतारू हो जांय तो मैं यह कहूंगा कि इस से ज्यादा लज्जा की बात कम से कम हिन्दुओं के लिए और नहीं हो सकती। हम जनता के नेता हैं। उपाध्यक्ष महोदय, हम गुंडों के नेता नहीं हैं। जहां तक जनता का सम्बन्ध है जबलपुर नगर, जबलपुर जिला, समूचा मध्यप्रदेश, वहां की जनता राष्ट्रवादी जनता है। जबलपुर में जब चुनाव आते हैं तो हम हर एक चुनाव को जीतते हैं। उस समय सम्प्रदाय-वादिता हमारी जनता पर कोई असर नहीं करती। जहां तक ऐसे समाज विरोधी तत्वों का सम्बन्ध है, मैं मानता हूं कि उस सम्बन्ध में हमारा एक कर्तव्य है और वह यह है कि हम जनता की भावना को बदलने का प्रयत्न करें। जनता से कहें कि कानून हाथ में लेना यह उस का काम नहीं है। कम से कम स्वतंत्र भारत में जब हमारी सरकार है तो जनता कानून हाथ में लेले और इक्की दुक्की इस तरह की घटनाओं पर जनता इस प्रकार के काम करे यह जनता का काम नहीं है। हमारा यह कर्तव्य अवश्य है कि हम जनता को इस सम्बन्ध में समझायें परन्तु उसी के साथ मैं फिर आप से निवेदन करना चाहता हूं कि हम जनता के नेता हैं हम गुंडों के नेता नहीं हैं। जहां तक गुंडों का सवाल है वहां तक गुंडों का दमन तो सरकार के द्वारा ही हो सकता है।

उस सम्बन्ध में जबलपुर में जो कुछ हुआ, जो कुछ मुझे वहां अनुभव हुआ उस के आधार पर मैं कुछ कहना चाहता हूं। जबलपुर में यह दंगा शुरू हुआ ३ फरवरी को। ४ फरवरी को इधर उधर कुछ घटनाएं हुईं। २ दिन तक जबलपुर में पूरी शान्ति रही, बाजार खुल गये, कोई गड़बड़ वहां पर नहीं हुई। ७ तारीख को यकायक गड़बड़ शुरू हुई। ४ जगह यकायक झगड़े शुरू हुए। चार जगह यकायक इकट्ठे झगड़े तब तक नहीं हो सकते थे जब तक कि उसकी कोई पूर्व योजना न बनती और मुझे इस बात पर आश्चर्य है कि यद्यपि ७ तारीख के बाद पुलिस ने बड़ी तंदेही के साथ काम किया लेकिन ४ जगहों पर इकट्ठा उभाड़ने वाले झगड़ों का पता जबलपुर की सी० आई० डी० को कैसे नहीं लगा। स्पष्ट चीज है कि यह उस की कमजोरी है। क्योंकि यकायक इकट्ठे झगड़े नहीं हो सकते थे जब तक कि उनके कोई तैयारी न हुई होती। इस प्रकार की तैयारी का सी० आई० डी० को पता

लगना चाहिए था । इसलिए जहां तक हमारी सी० आई० डी० का सम्बन्ध है जबलपुर, मध्यप्रदेश और दूसरे स्थानों में उसको कहीं ज्यादा तंदेही के साथ काम करना चाहिए ।

अब मैं पुलिस पर आता हूं । मैंने आप से निवेदन किया कि ७ तारीख के बाद जबलपुर में जो कुछ हुआ पुलिस ने बड़ी तंदेही के साथ काम किया । इस में कोई शक नहीं है कि अगर पुलिस इतनी तंदेही के साथ काम न करती तो वहां न जाने क्या हो जाता । लेकिन इस के पहले पुलिस को जबलपुर के पुलिस अफसरों को जबलपुर का अनुभव बहुत कम था । पुराना एक कायदा था कि कलक्टर, जिला मजिस्ट्रेट्स वह लोग होते थे जो बहुत दिन तक किसी जिले या किसी शहर में रह चुकते थे । पुलिस कप्तान वह लोग होते थे जो किसी जिले या किसी शहर में बहुत दिनों तक रह चुके होते थे और सिटी कोतवाल वह लोग होते थे जोकि उस शहर में किसी न किसी रूप में बहुत दिन तक रह चुकते थे । उन को एक एक बात का ज्ञान रहता था । एक एक बात का अनुभव रहता था और वे वहां के लोगों को जानते थे । यहां पर मैं किसी एक अफसर विशेष की निन्दा नहीं करना चाहता, सब अच्छे आदमी हैं लेकिन मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि दुर्भाग्य से इस समय जबलपुर में जो अफसर थे वह जबलपुर के मुहल्लों तक को नहीं जानते थे वहां की जनता की बात तो अलग है । हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि हम ऐसे अफसरान को जिला मजिस्ट्रेट के रूप में या कलक्टर के रूप में या पुलिस कप्तान अथवा सिटी कोतवाल के रूप में रखें जोकि उस स्थान की अच्छी जानकारी रखते हों । एक एक मुहल्ले को एक एक मकान को और एक एक आदमी को जानते हों ।

पत्रों की स्वाधीनता के नाम पर आजकल न जाने क्या-क्या लिखा जा रहा है । यह व्यक्तिगत स्वतन्त्रता, यह भाषण की स्वतन्त्रता और यह पत्रों की स्वाधीनता हमको कहां तक ले जायेगी मेरी समझ में नहीं आता । गाली-गलौज से देश के यहां से लेकर वहां तक के न जाने कितने पत्र भरे रहते हैं । यह गालीगलौज व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़कर बहुत उग्र रूप धारण कर रहा है । जबलपुर की छोटी-छोटी घटनाओं को इतने अधिक अतिरंजित रूप से पत्रों में छापा गया । सब पत्रों को मैं नहीं कहूंगा, कुछ पत्रों में छापा गया । उसका बहुत असर पड़ा और अफवाहें फैलीं । सात तारीख को जो कुछ वहां हुआ उन अफवाहों के कारण सागर में और आसपास के स्थानों में न जाने क्या-क्या हो गया । हमें ऐसी अनर्गल जो छपाई होती है पत्रों में और जो यह अफवाहें फैलाते हैं उसके लिए भी कुछ न कुछ उपाय करना चाहिए । उस का पूरा निवारण तो उपाध्यक्ष महोदय नई पीढ़ी के ठीक निर्माण पर ही हो सकता है . . .

उपाध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य अपनी बात समाप्त करें ।

डा० गोविन्द दास : बहुत अच्छा ।

हम जानते हैं कि नई पीढ़ी का निर्माण यह सब से अधिक आवश्यक बात है । जर्मनी और इटली में हिटलर और मुसोलिनी के समय नई पीढ़ी का इस प्रकार निर्माण किया गया था कि वहां की नई पीढ़ी नाजीवाद और फासिस्टवाद तक का भी समर्थन करने लगी थी । हमें अपनी नई पीढ़ी का इस प्रकार निर्माण करना चाहिए कि कोई यह न समझे कि हम हिन्दू हैं और हम मुसलमान हैं या हम सिक्ख हैं और ईसाई हैं बल्कि सब लोग समझें कि हम भारतीय हैं ।

एक बात मैं पाकिस्तान के सम्बन्ध में कहना चाहूंगा

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो चुका है और दो घंटियां बज चुकी हैं ।

डा० गोविन्द दास : मैं आपकी आज्ञा से दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा ।

मैं सदन् का ध्यान पाकिस्तान के प्रेसीडेंट श्री अय्यूब खां के उस भाषण की ओर दिलाना चाहता हूं जिस में उन्होंने कहा कि जबलपुर की यह घटना कांगो की घटना के समान है, ऐसा उनका कथन हास्यास्पद है और इस प्रकार का मिलान मेरी तो समझ में नहीं आता । जनरल अय्यूब साहब किस तरीके से यह बात कह सके ? भारत में हमने एक धर्म निरपेक्ष राज्य की स्थापना की है । बड़े से बड़े ओहदों पर यहां मुसलमान रहे हैं और आज भी हैं । हमारी सरकार हिन्दुओं और मुसलमानों में कोई भेद नहीं समझती । पाकिस्तान वाले इस प्रकार की बात हमारे लिये कहें । इससे बड़ी ज्यादती की बात और कोई नहीं हो सकती और इससे ज्यादा हमको बदनाम करने का और कोई दूसरा रास्ता नहीं है । उन को खुद पाकिस्तान की तरफ देखना चाहिए । सैकड़ों, हजारों की संख्या में पाकिस्तान के हिन्दू हिन्दुस्तान में आ रहे हैं, वहां से भाग रहे हैं, इसके भी कारणों का क्या उन्होंने पता लगाया ? अय्यूब साहब का जो भाषण हुआ वह एक ऐसा भाषण हुआ जिससे हमारे देश को दुनिया में बदनाम करने का प्रयत्न तो किया ही गया साथ ही इस बात का भी प्रयत्न हुआ कि हमारे देश में भी हमारे मुख पर कालिख लगायें और मैं समझता हूं कि उन्हें अय्यूब साहब को खुद को इस पर अफसोस होना चाहिए ।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि हमारा प्रजातंत्र, हमारे समाज की समाजवादी रचना और हमारी पंचवर्षीय योजनाओं की सफलता आदि सब कुछ इस एकता पर निर्भर है । मैं ने अनेक बार पहले भी कहा है और अन्त में मैं फिर कहूंगा कि कुछ बातें ऐसी हैं जो सब दल मिल कर कर सकते हैं । राष्ट्रीय एकता के लिए सब दलों का सहयोग आवश्यक है और सब दलों को मिल कर इस एकता का प्रयत्न करना चाहिए ।

श्री मु० हि० रहमान (अमरोहा) : जनाब डिप्टी स्पीकर, प्रेसीडेंट के ऐड्रेस पर कल से बातचीत हो रही है । मिली जुली चन्द बातें हैं जिन को अपने अपने खयाल के मुताबिक हर एक पेश कर रहा है ।

जहां तक चीन का मामला है मैं समझता हूं कि उस के मुताल्लिक मुख्तलिफ तरीकों से हाउस में दूसरे वक्त भी बहस हुई है । यह एक खुली हुई हकीकत है जिस में दो रायों की गुंजाइश नहीं है । यह चीन जिसके मुताल्लिक हिन्दुस्तान ने हर मौकिफ पर, हर ठहराव और हर मौके पर पूरे तरीके से उस का साथ दिया उस चीन ने, चीन की हुकूमत ने, मौजूदा चीन की कम्युनिस्ट हुकूमत ने हिन्दुस्तान के साथ बहुत बेवफाई की और इंतिहाई शराफत से गिरी हुई जिन्दगी का सबूत दिया ।

जहां तक बार्डर का मसला है, हमारी हद एक लम्बी लकीर है मैकमाहन लाइन और इस तरफ़ काश्मीर की वे हुदूद हैं, जो कि इस मुल्क की सरहद तक हैं । चीन की तरफ़ से बार-बार उन के बारे में छेड़ की जाती है, ऐसे कदम उठाये जाते हैं, जिस से हिन्दुस्तान के मकसद और काज को नुक्सान पहुंचे । इन हुदूद को मुग़लों के ज़माने से आज तक बग़ैर किसी इख्तलाफ़ के हिन्दुस्तान की हुदूद माना गया है । आज उन के बारे में बहस करना और हिन्दुस्तान की ज़मीन पर नाजायज़ कब्ज़ा करने की कोशिश करना और जिस हिस्से पर उस ने नाजायज़ कब्ज़ा किया हुआ है, उस को अपने मुल्क का हिस्सा बताना, ये ऐसी चीजें हैं, जो यह ज़ाहिर करती हैं कि दुनिया में, ज़िन्दगी में जब अखलाक न हो, रूहानियत न हो, सिर्फ मादियत ही मादियत पेशे-नज़र हों, तो जितना भी कुछ हो, वह कम है ।

ऐसे मौके पर इससे ज्यादा क्या कहा जा सकता है कि इस मसले को हल करने के दो ही तरीके हैं—यातो हम जंग करें और या दूसरे तरीकों से अपना मकसद हासल करने की कोशिश करें। आज हमारे प्राइम मिनिस्टर

और हर एक अक्लमन्द आदमी यह सोचता है कि आज के ज़माने में यह जंग सारी दुनिया की जंग हो सकती है और बड़ी बड़ी तहजीबें बरबाद हो सकती हैं। इसलिये एक दूसरे तरीके से उसको हल करने की कोशिश की जा रही है। गवर्नमेंट की इस पालिसी को हम सपोर्ट करते हैं और पूरे तरीके से इत्तिफाके-राय करते हैं कि वह इस तरज़ पर चल रही है कि एक तरफ वह मजबूत है कि वह एक इंच जमीन भी किसी दूसरे के हाथ में नहीं जाने देंगे और दूसरी तरफ उसने इरादा कर रखा है कि अगर किसी मुल्क की तरफ से कोई जारहाना कार्रवाइयां हुईं, तो उसका सामना किया जायेगा और जो कार्रवाइयां इस सिलसिले में हो चुकी हैं, उनको हल करने की कोशिश की जायेगी। इससे ज्यादा और क्या हो सकता है ?

बाहर के मामलात के सिलसिले में कांगों पर बहस हुई है। बेशक वह एक मज़लूम कौम है और मज़लूमों का साथ देना हमारा शेवा, हमारा शिआर और हमारी आदत है। हम बराबर ऐसा करते रहे हैं और आज भी कांगो के मामले में हम उसी तरफ हैं, जहां पबलिक का रुजहान है। वहां पर बेलजियम की तरफ से कालोनियलिज्म का जो ग़लत, भयानक और घिनौना मजाहिरा किया जा रहा है, वह नाकाबिले-बर्दाश्त है। वहां पर एक फ़ारेन ताकत ने मुल्क के एक हिस्से से दूसरे हिस्से को तबाह करवाने की कोशिश की है और इसी सिलसिले में मि० लुमुम्बा और उनके कुछ साथियों को कत्ल कर दिया गया है।

इन बातों के मुताल्लिक, फ़ाइवयीअर प्लान के मुताल्लिक पंचायत राज के मुताल्लिक कहने के लिए बहुत से मौके हैं, कहा जाता रहा है और कहा जाता रहेगा। लेकिन एक बहस खुद-ब-खुद हाउस के सामने आ गई है और आनी चाहिए थी। मैं भी उस पर कुछ कहना चाहता हूं। मुझे इस बात को देख कर मायूसी हुई कि ३ तारीख से लेकर ९ तारीख तक जबलपुर, कटनी, सागर दमोह, नरसिंहपुर, सरोपा और कितने ही मुकामात पर फसाद हुए और बरबादी हुई, आगें लगीं, मकान बरबाद हुए और दुकानें जलाई गईं और जानो माल का नुकसान हुआ, लेकिन २४ तारीख को प्रेज़िडेंट साहब का जो एड्रेस आता है, उस में एक लाइन भी इस सिलसिले में हमारे सामने नहीं आई है। उसमें इस बात का कोई ज़िक्र नहीं किया गया कि इस बारे में क्या तरीका-ए-कार अख्तियार किया जायगा, जिससे इस किस्म के वाकयात फिर न हों, क्योंकि किसी सैकुलर स्टेट के लिये इससे ज्यादा नदामत और शरमिन्दगी की कोई बात नहीं हो सकती कि वहां साम्प्रदायिकता, फिरकापरस्ती, इस तरह मुंह खोले खड़ी रहे और शुरू से आखिर तक उसका सिलसिला कहीं न कहीं जारी रहे और हम उसको रोक न सकें।

जबलपुर में एक वाकया हुआ—एक इंडिविडुअल वाकया, एक इन्तहाई शर्मनाक वाकया हुआ, जिसकी सज़ा ज़िम्मेदार शख्स को मिलनी चाहिए, लेकिन एक्शन और रीएक्शन का यह मतलब कभी नहीं हो सकता कि एक इंडिविडुअल ने एक बात की हो, तो पूरी कम्युनिटी को तबाह और बरबाद कर दिया जाये। यह तरीका-ए-कार किसी तरीके से मुल्क के मफाद में नहीं है, बल्कि वह इन्तहाई नुक्सानदेह है। इसी बिना पर यह बात बहुत काबिले-तवज्जह है कि पिछले दिनों में इसी मध्य प्रदेश में भोपाल में जो फिसाद हुआ था, वहां पर किसी को सज़ा नहीं मिली, किसी मुजरिम को उसकी खता पर पकड़ा नहीं गया, किसी गुंडे और शरारतपसन्द को सज़ा नहीं दी गई। इस हालत में मुख्तलिफ मुकामात में फसादात हुए हैं और वे लोग समझते हैं कि हम खुले दिल से मनमानी कर सकते

[श्री मु० हि० रहमान]

हैं जो कुछ चाहे कर सकते हैं, हुकूमत हमारे मुकाबले में बेबस है और कुछ नहीं कर सकती है। इसके सिवा दूस ी कोई बात नहीं है।

मैं ईमानदारी से कह सकता हूं कि इन फसादात को हिन्दू-मुस्लिम फसादात कहना हिन्दुओं और मुसलमानों की तौहीन करना है। ये फसाद हिन्दू और मुसलमान नहीं करते हैं। मैं आपसे यकीन के साथ कहता हूं कि वहां की पब्लिक, जिसमें हिन्दू और मुसलमान दोनों शामिल हैं, आज भी कानों पर हाथ धर रही है कि यह बला, यह मुसीबत, यह अज़ाब कहां से नाजुल हुआ। ये हिन्दू-मुस्लिम फसाद नहीं हैं। इनको फिरका-वारना फसाद कहना भी गलत है। गुंडों और शरारतपसन्दों ने एक स्कीम बनाई है और उस स्कीम के मातहत वे जब चाहे तब फसाद करते हैं। दरहकीकत इसमें कोई शक नहीं है कि जब एन्कवायरी होगी, तो यह बात साफ हो जायेगी कि एडमिनिस्ट्रेशन ने जान-बूझ कर उसमें चशमपोशी की, या मातहत पुलिस के अफराद ने साथ देकर बरबादी कराने की कोशिश की। उस वक्त हुक्काम ने, लोकल हुक्काम ने, एडमिनिस्ट्रेशन ने अपनी कमजोरी भी दिखाई और इस साजिश में उनका हिस्सा भी दिखाई देता है। बकौल सेठ जी के ३, ४ तारीख को यह वाकया पेश आया था और उसकी रोक थाम हो सकती थी, लेकिन समझ में नहीं आता कि स्पेशल पुलिस के जो दस्ते बुलाये गये थे, वे क्यों वापस चले गये, जिसके नतीजे में ७ तारीख और ८ तारीख की दरमियानी रात को इस कद्र हौलनाक बरबादी हुई। जान-बूझ कर एक साइड की इस तरीके से बरबादी कराई जाये, यह किसी तरीके से भी हिन्दुस्तान के लिये ज़ेबा नहीं है। हम पाकिस्तान और अयूब के खिलाफ ऐतराज़ करें। वह हमारा हक है। कोई हमारे मामले में दखल न दे। हम में इतनी ताकत है कि हम अपने हिन्दुस्तान में अपने मामलात को हल कर सकते हैं। जिन्होंने हिन्दुस्तान की आज़ादी की जद्दो-जहद में जान की बाज़ी लगा कर, साथ साथ शरीक होकर मुल्क को आज़ाद कराया है, जिन्होंने वन नेशन थ्योरी को मानने के लिये जान की बाजियां लगाई ह, अपनों से गालियां खाई हैं, जेलें भुगती हैं, चाकू खाये हैं, उनको आज इन बातों से कोई डर नहीं हो सकता कि जब भी कोई ऐसी फ़िसाद की मनमानी बात आय, मुस्लिम अक्लीयत की तकलीफ की बात आय, तो अखबारों या तकरीरों में, फ़ौरन पाकिस्तान के हवाले दे दिये जायें, पाकिस्तान रेडियो के हवाले दे दिये जायें और यह साबित करने की कोशिश की जाये कि इसका पाकिस्तान से जोड़ था, इसका फलां चीज़ से जोड़ था। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरीके से हकीकत को दबाया नहीं जा सकता है और अगर इस तरीके से हकीकत को दबाने की कोशिश की जायेगी, तो इससे मुल्क को कोई भी लाभ और फ़ायदा नहीं हो सकता, बल्कि मुल्क को इन्तहाई नुक्सान हो सकता है।

इस हालत में हमें इस बात का क्या खौफ़ है कि कोई क्या कहता है और पाकिस्तान के साथ जोड़ने का टैक्नीक क्यों अपनाया जाता है। हम इसके खिलाफ जरूर आवाज उठायेंगे। क्या हर जगह ज़ुल्म और बरबादी होती रहेगी और अगर उसके बारे में मुसलमान अक्लीयत किसी बात को कहेगी, तो यह कह कर उसका मुंह बन्द किर दिया जायेगा कि पाकिस्तान से जोड़ है, पाकिस्तान रेडियो से जोड़ है। इस तरह से हकीकत को दबाया नहीं जा सकता है। यह बात कोई मानी नहीं रखती कि इस तरीके से इस एक अक्लीयत को दबाने की कोशिश की जाये। यह देखने की बात है कि जबलपुर में एक साइड की इस तरह बरबादी क्यों हुई। जबलपुर में

दो जानिब से कोई बात हुई हो, मगर इसका कोई सबूत नहीं मिलता । लेकिन तो भी यह बताया जाये कि किस तरह ६ तारीख को सागर, कटनी, दमोह, नरसिंहपुर, सरोपा और तमाम दीगर मुकामात पर बारह से चार बजे तक साज़िश से सैंकड़ों मकान जला कर खाक कर दिये गये । क्या पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन के मौजूद होते हुए कोई इस तरीके से बरबादी कर सकता है ? इत्मीनान के साथ पेट्रोल छिड़का गया, इत्मीनान के साथ आग लगाई गई और बड़ी बड़ी किलानुमा इमारतें खाक सियाह कर दी गईं । एक एक इन्सान का दस दस बारह बारह लाख का नुक्सान हुआ । कालेखां मुहमद हनीफ़ की फ़र्म कोई मामूली फ़र्म नहीं थी । दस बारह लाख का का उसका नुक्सान हो गया । उसकी बीड़ी की तिजारत थी । वह मुसलमानों के हाथ में थी । उसको इक्तसादी मार मार कर बरबाद कर दिया गया । फ़िरोज़ाबाद में चूड़ियों की तिजारत थी । वहां मुसलमानों की सनअतो-हिरफ़त को तबाह किया । क्या कुछ फ़िरकापरस्त अनासर ने यह तय कर लिया है कि इस तरीके इस से मुसलमानों को, जो मौजूदा इकानोमिक्स और इक्तसादियत में खुद बदहाल हैं, इस मुल्क में बिल्कुल तबाह कर के भिखारी और फ़कीर बना कर छोड़ दें और यह हुकूमत बेबस हो, बेचारा हो, कुछ कर न सके, सब कुछ हो जाये, तो फिर उसकी एन्क्वायरी होती फिरे और उसके बाद यह करो, वह करो । आखिर इतना बड़ा वाकया हो कैसे गया ? तीन ज़िलों में बारह जगह ऐसे वाकयात कैसे हो गये ? हुकूमत को इस पर ग़ौर करना चाहिए ।

मुझे अब इस बात का अहसास हो रहा है कि इन मामलात में कब तक तसलसल जारी रहेगा । क्या पूरे हिन्दुस्तान को इस में लपेट दिया जायेगा । अभी दो तीन दिन पहले दिल्ली में भी यही टैक्नीक चली थी, लेकिन वहां के हिन्दू और मुसलमान, हम लोग, जो वहां रहते हैं, ११ बजे रात को वहां पहुंच कर तीन बजे तक रहे और हिन्दू लीडरों के साथ, जो वहां मौजूद थे, इस बात की कोशिश की कि इस वाकये को मामूली तौर पर खत्म करके इसको किसी तरीके से आगे न बढ़ने दिया जाये । मैं यह बतलाना चाहता हूं कि जिनके पास ताकत, शक्ति और माइी पावर नहीं है, जब वे इस तरीके से मामले को हल कर सकते हैं, तो एडमिनिस्ट्रेशन, हुकूमत के अफ़राद, लोकल अथारिटीज़ अगर चाहें, तो क्या अमन कायम नहीं हो सकता ? हुकूमत बेबस नजर आती है और शरारत पसन्द लोग जो कुछ चाहते हैं कर गुजरते हैं । आज सब मामलों में उनकी मुख़ालिफत करने के बजाय उनकी हौसला अफ़ज़ाई की जाती है। जोर शोर के साथ पार्लिमेंट में यह तो कहा जाता है कि फिरकापरस्ती को किसी भी सूरत में बरदाश्त नहीं किया जायेगा । लेकिन हो क्या रहा है ? मुस्लिम अक्लीयत तबाह भी हो रही है और बरबाद भी हो रही है । एक्शन और रिएक्शन के नाम पर शरारतपसन्द लोग जो चाहते हैं करते जा रहे हैं । इस तरह की बातें होने देना किसी भी सैक्युलर स्टेट के लिए मुनासिब नहीं है और न हो सकता है ।

मैं पूछना चाहता हूं कि मुस्लिम अक्लियत का मुलाज़मतों में क्या हाल है ? क्या आप ने कभी इसकी तहकीकात की है कि इनमें अक्लियतों को क्यों नहीं लिया जा रहा है । क्या अक्लियतों के जितने भी बच्चे हैं, मुसलमानों के जितने भी बच्चे हैं, ईसाइयों व सिखों के जितने भी बच्चे हैं वे इतने ही नालायक हो गए हैं कि उनके लिए जगह ही नहीं है । स्टेट गवर्नमेंटस के गजट छपे हुए हैं, गवर्नमेंट आफ इंडिया के गजट छपे हुए हैं, बताया जाए कि इन पिछले चौदह सालों में अक्लियतों के कितने लड़के नौकरियों में लिए गए हैं । पहले तो इनको इंटरव्यू में ही नहीं बुलाया जाता है और अगर बुला भी लिया जाता है तो उनको जगह नसीब नहीं

[श्री मु० हि० रहमान]

होती है । वे तबाह और बरबाद हो रहे हैं । मैं मानता हूं कि यह रिजर्वेशन का सवाल नहीं है । लेकिन अगर कोई ऐसे हालात में रिजर्वेशन की बात कहता है, रिजर्वेशन की बात को उठाता है तो उसे फिरकापरस्त कहा जाता है और इसी बिना पर कहा जाता है कि उसने रिजर्वेशन का लफ्ज क्यों कह दिया । मैं पूछना चाहता हूं कि सैक्युलर स्टेट के वे लोग क्या फिरकापरस्त नहीं हैं जो न यह चाहते हैं कि मुसलमानों को मुलाजिमत में लिया जाए, उनको तबाह और बरबाद किया जाए, उनकी इक्तसादयात, उनके तरीके जिन्दगी को खत्म किया जाए ? मुस्लिम अाक्लियत को यानी एक कम्युनिटी को दबाने के लिए न मुलाजिमत में लिया जाता है न तजारत करने दिया जाता है न उनको अपनी इक्तसादी जिन्दगी को जारी रखने का हक दिया जाता है, रोजमर्रा की जो शहरी जिन्दगी है, जो अमन की जिन्दगी है, उस तक को भी देने के लिए वे तैयार नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इससे ज्यादा भी कोई फिरकापरस्ती दूसरी हो सकती है ? इसका क्या मतलब है ? मैं यह नहीं कहता कि अकसरियत के सभी लोग बुरे हैं, उसमें से थोड़े बुरे हैं । इसमें हिन्दू मुसलमान का कोई सवाल नहीं है, हिन्दू मुसलमान का कोई झगड़ा नहीं है, दोनों गले मिलने के लिए तैयार हैं । लेकिन चन्द शरारत-पसन्द लोग अकसरियत में ऐसे हैं जो कि अक्लियतों को इस तरह से दबाने की कोशिश करते हैं । अगर उनकी हाउस में भी मुख्तलिफ तरीकों से हौसला अफजाई की जाए तो क्या होगा, कैसे काम चलेगा ? कैसे हमारी स्टेट सैक्युलर स्टेट बन सकेगी ? आखिर सैक्युलर स्टेट का मतलब क्या है ? सिर्फ सैक्युलर स्टेट कह देने से वह सैक्युलर स्टेट नहीं बन जाती है ? इसका मतलब यह है कि रोजमर्रा की जो जिन्दगी है, उसको बसर करने का सभी को हक हासलि हो, मुलाजिमत सभी को पाने का हक हो, तजारत करने का सभी को हक हासलि हो । क्या वजह है कि आज अकलियतों को नौकरियां नहीं मिलती हैं, मुल्क की इक्तसादियात में, तजारत में परमिट नहीं मिलते हैं, फाइव यीअर प्लान में कोओप्रेटिव सोसाइटीज़ को जो जगह मिली हुई है, उनके बारे में इनको मायूसी का मुंह देखना पड़ता है ।

इसी तरह टैक्स्ट बुक्स की बात है । इसके बारे में हमने एक शिकायत की थी और वजीर तालीम को एक किताब दिखाई थी और उन्होंने हमारी शिकायत को सही तसलीम किया था और कहा था कि इस किस्म की किताबें नहीं पढ़ाई जानी चाहिये । सवाल यह नहीं है कि हे कि त्यौहारों का उनमें क्यों जिक्र किया गया है, दीवाली का क्यों जिक्र किया गया है, दशहरा का क्यों जिक्र किया गया । ये सब हिन्दुस्तान के त्यौहार हैं । किसी को इस पर कोई एतराज़ नहीं हो सकता है । लेकिन जहां अकसरियत के त्यौहारों का जिक्र है वहां मुसलमानों के जो त्यौहार हैं, ईद है, बकरीद है, शब बरात है या मुहर्रम हैं, या सिखों के त्यौहार हैं, ईसाइयों के त्यौहार हैं, उनका भी उनमें जिक्र होना चाहिये था । अगर यह किया गया होता तो यह सैक्युलर स्टेट के उसूलों के एन मुताबिक होता । इस के बरखिलाफ उस तरह की बात उन किताबों में लिखी हुई मिलती है कि आओ बच्चों भगवान कृष्ण की पूजा करें । आप बतायें कि मुसलमानों के बच्चे यह कैसे करेंगे । भगवान कृष्ण की पूजा हिन्दू कर सकते हैं लेकिन मुसलमान, सिख, ईसाई कैसे कर सकते हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि इस तरह की चीजें पढ़ाने का अकलियतों के बच्चों को आपको किस ने हक दिया है । मुसलमान अपने खुदा-वंद कुद्दूस की अदावत करते हैं, सिख अपने तरीके से करते हैं और ईसाई अपने तरीके से और उनको इसका पूरा हक हासिल है । आपको किस ने हक दिया है कि आप दूसरे मजहबों की तौहीन करें, खुदा व रसूल

की तौहीन करें और यह प्रचार करें कि वे सब इस तरह की चीज़ों को पढ़ें । आपको नहीं चाहिये था कि आप किताबों में इस तरह के मजामीन लिखवाते और इस तरह की क़िताबों को टैक्स्ट बुक्स में जगह देते । मगर टैक्स्ट बुक कमेटी ने यह किया और उसने इस तरह की किताबों को चुना । हमें मालूम है कि महज बाज़ रिश्तेदारों से, बाज़ अपने जानने वालों से इस तरह की चीजें लिखा दीं जो अगर्चे तासुब की बिना पर नहीं लिखी गई, तंग नज़री की बिना पर नहीं लिखी गई बल्कि ना-वाकफियत की वजह से लिखी गई हैं । मैंने एक लिखने वाले से इसके बारे में पूछा और उसने मुझे बताया कि मैं इसलाम के बारे में जानता नहीं था इसलिये ऐसा ही लिख दिया है । चूंकि टैक्स्ट-बुक कमेटी में किसी का कोई रिश्तेदार आ गया तो उसकी सिफारिश से यह किताब टैक्स्ट बुक में आ गई । ऐसी किताबें नहीं आनी चाहियें और इस तरह की चीज़ों को उसमें जगह नहीं मिलनी चाहिये । इस तरह की चीजों के खिलाफ हम बोलेंगे । सैक्युलर स्टेट के अन्दर इस किस्म की किताबें खास तौर पर बेसिक एजुकेशन के अन्दर और प्राइमरी तालीम के अन्दर हर्गिज हर्गिज नहीं लगनी चाहिये, नहीं पढ़ाई जानी चाहियें ।

सेठ जी ने जमीयत उलेमा के बारे में कहा कि वह बेहतरीन बाडी है और इसने हिन्दुस्तान की आज़ादी में नुमायां हिस्सा लिया है लेकिन उज्जैन में ऐसी तकरीरें की गई जिन को पढ़कर हैरानी होती है । मैं कहता हूं कि जो मैं आज कह रहा हूं वही कुछ वहां कहा गया है । मैं इस बाडी के लिए जिम्मेदार हूं, मैं इसकी तजवीजों और इसकी तकरीरों के लिए जिम्मेदार हूं । उन में कोई भी बात नैशनलेलिटी के खिलाफ, सैक्युलरिज्म के खिलाफ नहीं कही गई है । वहां पर यह शिकायत की गई है कि मुस्लिम अक्लियत को दाबाया जा रहा है, फिरकापरस्ती उभरती जा रही है और हुकूमत बेबस होती जा रही है । मैं समझता हूं कि इस तरह की बातें कहने में कौन सी एतराज़ की बात हो सकती है । जो कुछ कहा गया है ठीक कहा गया है । अगर आज इन बातों के लिए अक्लियत के हक में सेठ जी नहीं बोलते हैं, या रघुनाथ सिंह जी नहीं बोलते हैं, या दूसरे हिन्दू भाई नहीं बोलते हैं तो फिर मजबूर होकर हिफ़्जर्रहमान को बोलना पड़ता है । इसमें एतराज़ की क्या बात है । होना तो यह चाहिये था कि अकसरियत खुद इन चीज़ों को कहती । लेकिन अगर वह नहीं कहती है और हमें कहना पड़ता है कि अकलियतें तकलीफ़ में है, उनकी ये ये मजबूरियां हैं वे बेबस हैं, तो फिर इस पर क्यों एतराज होता है? बहरहाल इस तरह की चीज़ों को बरदाश्त नहीं किया जा सकता है । बेशक इसकी जरूरत है कि इनक्वायरी हो और हाई लेवेल इनक्वायरी हो । अगर एडमिनिस्ट्रेशन में कुछ लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्होंने कोताही की है, तो उनको सज़ा मिलनी चाहिये । आज मध्य प्रदेश की सरकार फेल्योर हुई है । भोपाल से ले कर अब तक के जो वाकयात हैं उनको देखते हुए यह कहना चाहिये कि उसे कोई हक हासिल नहीं है हुकूमत करने का । इस तरीके से तबाह और क़श करके, बरबाद करके हमें यहां रखा जाएगा तो यकीनी तौर पर इसके नताइज अच्छे नहीं निकलेंगे । मैं स्पीकर साहब और डिप्टी स्पीकर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि वे कोई कानूनी पोजिशन ऐसी लायें जिससे असम और बंगाल के मामलात पर, लस्सानी फसादात की बिना पर जब यहां बहस हो सकती है पार्लियामेंटरी डेलीगेशन वहां जा सकता है, वैसे ही मध्य प्रदेश के फसादात के बारे में भी बहस हो । पी० एस० पी० ने, जमीयत उलउलेमा ने, कम्युनिस्ट पार्टी ने कांग्रेस के अफराद ने, सभी ने माना है कि बहुत बड़ी बरबादी आई है तीन जिलों के मुक्तलिफ हिस्सों में, और इस पर बहस होनी चाहिये और खुल कर बहस होनी चाहिये, इससे कोई नुक्सान नहीं होगा और अगर बहस हुई तो सफाई के साथ सारे मामलात सामने आयेंगे ।

[श्री मु० हि० रहमान]

तो तजवीज़ श्री भक्त दर्शन जी ने पेश की है, उसकी तो मैं ताईद करता हूं लेकिन जिन मामलात का मैंने जिक्र किया है उनके बारे में फिर से कहता हूं कि पाकिस्तान का हवाला दे कर आप बच नहीं सकते हैं, यह कह कर कि पाकिस्तान के साथ इनका ताल्लुक, है, काम चल नहीं सकता है। यह कहा गया है कि नागपुर टाइम्स में रह लिखा है, मगर क्या आपने स्टेट्समैन में जो छपा है, उसको पढ़ा है, हिन्दुस्तान टाइम्स में जो छपा है, उसको पढ़ा है, टाइम्स आफ इंडिया में जो छपा है, उसको पढ़ा है? आपको चाहिये था कि आप उसको भी पढ़ते जिन्होंने कहा है कि सिर्फ एक साइड ही को बरबाद किया गया है। जो कुछ हुआ है उसका तकाज़ा था कि वहां कोलैक्टिव फाइंस लगते। जिस तरह की वारदातें हुई हैं, उनको कोई भी बरदाश्त नहीं कर सकता है। यह तरीका ज़िन्दगी का नहीं है। इस तरह के तरीकों को बदलना होगा और सही मानों में सैक्युलरिज्म को लाना होगा। गांधी जी के बताये हुए इखलाकी मैयार और नैशनलिज्म को लाना होगा। मैं यह नहीं कहता हूं कि अकसरियत में सभी लोग बुरे हैं, कुछ बुरे हैं। अकसरियत में जो फिरकापरस्त हैं, वे जो कार्रवाई चाहें करें, मनमानी करें, खुश रहें और जो मुसलमान अकलियत में हैं, या दूसरी अकलियतें हैं, उनको हमेशा ही दबाने की कोशिश करें और पाकिस्तान का हवाला दे कर, उसको एक टैक्नीक के तौर पर इस्तेमाल करके, इस किस्म की हरकतें वे करते जायें, इसको कभी बरदाश्त नहीं किया जा सकता है। इसको हम बरदाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं, हाउस बरदाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं, मैम्बर साहिबान बरदाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। सभी को इसके खिलाफ आवाज़ बुलन्द करनी है और यह कोशिश करनी है कि सही मानों में यहां पर सैक्यूलरिज्म कायम हो।

[جناب ڈپٹی اسپیکر پریسیڈنٹ کے ایڈریس پر کل سے بات چیت ہو رہی ہے - ملی جلی چند باتیں ہیں جن کو اپنے اپنے خیال کے مطابق ہر ایک پیش کر رہا ہے -

جہاں تک چین کا معاملہ ہے میں سمجھتا ہوں کہ اس کے متعلق مختلف طریقوں سے ہاؤس میں دوسرے وقت میں بھی بحث ہوئی ہے - یہ ایک کھلی ہوئی حقیقت ہے جس میں دو رایوں کی گنجائش نہیں ہے - یہ چین جس کے متعلق ہندوستان نے ہر موقف پر ہر ٹھہراو اور ہر موقع پر پورے طریقے سے اس کا ساتھ دیا اس چین نے - چین کی حکومت نے - موجودہ چین کی کمیونسٹ حکومت نے ہندوستان کے ساتھ بہت بے وفائی کی اور انسانی شرافت سے گری ہوئی زندگی کا ثبوت دیا -

جہاں تک بارڈر کا مسئلہ ہے ہماری حد ایک لمبی لکیر ہے میکماہن لائن اور اس طرف کشمیر کی وہ حدود ہیں جو کہ اس ملک کی سرحد تک ہیں - چین کی طرف سے بار بار ان کے بارے میں چھیڑ کی جاتی ہے ایسے قدم اٹھائے جاتے ہیں جس سے ہندوستان کے مقصد اور کاز کو نقصان پہنچے - ان حدود کو مغلوں کے زمانے سے آج تک بغیر کسی اختلاف کے ہندوستان کی حدود مانا گیا ہے -

آج ان کے بارے میں بحث کرنا اور ہندوستان کی زمین پر ناجائز قبضہ کرنے کی کوشش کرنا اور جس حصہ پر اس نے ناجائز قبضہ کیا ہوا ہے اسکو اپنے ملک کا حصہ بتانا یہ ایسی چیزیں ہیں جو یہ ظاہر کرتی ہیں کہ دنیا میں زندگی میں جب اخلاق نہ ہو - روحانیت نہ ہو - صرف مادیت ہی مادیت پیش نظر ہو - تو جتنا بھی کچھہ ہو وہ کم ہے -

ایسے موقعہ پر اس سے زیادہ کیا کہا جا سکتا ہے کہ اس مسئلے کو حل کرنے کے دو ہی طریقے ہیں — یا تو ہم جنگ کریں اور یا دوسرے طریقوں سے اپنا مقصد حاصل کرنے کی کوشش کریں - آج ہمارے پرائم منسٹر اور ہر ایک عقلمند آدمی یہ سوچتا ہے کہ آج کے زمانے میں یہ جنگ ساری دنیا کی جنگ ہو سکتی ہے اور بڑی بڑی تہذیبیں برباد ہو سکتی ہیں - اس لئے ایک دوسرے طریقے سے اس کو حل کرنے کی کوشش کی جا رہی ہے - گورنمنٹ کی اس پالیسی کو ہم سپورٹ کرتے ہیں اور پورے طریقے سے اتفاق رائے کرتے ہیں کہ وہ اس طرز پر چل رہی ہے کہ ایک طرف وہ مضبوط ہے کہ ایک انچ زمین بھی کسی دوسرے کے ہاتھہ میں نہیں جانے دیگی اور دوسی طرف اس نے ارادہ کر رکھا ہے کہ اگر کسی ملک کی طرف سے کوئی جارحانہ کارروائیاں ہوئیں تو اس کا سامنا کیا جائیگا اور جو کارروائیاں اس سلسلے میں ہو چکی ہیں ان کو حل کرنے کی کوشش کی جائیگی - اس سے زیادہ اور کیا ہو سکتا ہے -

باہر کے معاملات کے سلسلے میں کانگو پر بحث ہوئی ہے - بیشک وہ ایک مظلوم قوم ہے اور مظلوموں کا ساتھہ دینا ہمارا شیوہ - ہمارا شعار اور ہماری عادت ہے - ہم برابر ایسا کرتے رہے ہیں اور آج بھی کانگو کے معاملے میں ہم اسی طرف ہیں جہاں پبلک کا رجحان ہے - وہاں پر بیلجیم کی طرف سے کالونیلزم کا جو غلط بھیانک اور گھنونا مظاہرہ کیا جا رہا ہے وہ ناقابل برداشت ہے - وہاں پر ایک فارین طاقت نے ملک کے ایک حصے سے دوسرے حصے کو تباہ کروانے کی کوشش کی ہے اور اسی سلسلے میں مسٹر لممبا اور ان کے کچھہ ساتھیوں کو قتل کر دیا گیا ہے-

ان باتوں کے متعلق - فائیونو پلان کے متعلق - پنچایت راج کے متعلق کہنے کے لئے بہت سے موقعے ہیں - کہا جاتا رہا ہے اور کہا جاتا رہے گا - لیکن ایک بحث خود بخود ہاؤس کے سامنے آ گئی ہے اور آنی چاہئے تھی - میں بھی اس پر کچھہ کہنا چاہتا ہوں - مجھے اس بات کو دیکھہ کر مایوسی ہوئی کہ ۳ تاریخ

[شری م - ح - رحمان]

لیکر ۹ تاریخ تک جبلپور- کٹنی - ساگر - دموہ - نرسنگھ پور سرویا اور کتنے ہی مقامات پر فساد ہوئے اور بربادی ہوئی - آگیں لگیں - مکان برباد ہوئے اور دوکانیں جلائی گئیں اور جان و مال کا نقصان ہوا - لیکن ۱۴ تاریخ کو پریزیڈنٹ صاحب کا جو ایڈریس آتا ہے اس میں ایک لائن بھی اس سلسلے میں ہمارے سامنے نہیں آئی ہے - اس میں اس بات کا کوئی ذکر نہیں کیا گیا کہ اس بارے میں کیا طریقہ کار اختیار کیا جائیگا جس سے اس قسم کے واقعات پھر نہ ہوں کیونکہ کسی سیکولر سٹیٹ کے لئے اس سے زیادہ ندامت اور شرمندگی کی کوئی بات نہیں ہو سکتی کہ وہاں سامپردایکتا - فرقہ پرستی - اس طرح منہہ کھولے کھڑی رہے اور شروع سے آخر تک اس کا سلسلہ کہیں نہ کہیں جاری رہے اور ہم اس کو روک نہ سکیں -

جبلپور میں ایک واقعہ ہوا — ایک انڈیوجول واقعہ - ایک انتہائی شرمناک واقعہ ہوا - جسکی سزا ذمہ وار شخص کو ملنی چاہئے لیکن ایکشن اور ری ایکشن کا یہ مطلب کبھی نہیں ہو سکتا کہ ایک انڈیوجول نے ایک بات کی ہو تو پوری کمیونیٹی کو تباہ اور برباد کو دیا جائے - یہ طریقہ کار کسی طریقے سے ملک کے مفاد میں نہیں ہے بلکہ وہ انتہائی نقصان دہ ہے - اسی بنا پر یہ بات بہت قابل توجہ ہے کہ پچھلے دنوں میں اسی مدھیہ پردیش میں بھوپال میں جو فساد ہوا تھا وہاں پر کسی کو سزا نہیں ملی - کسی مجرم کو اسکی خطا پر پکڑا نہیں گیا - کسی غنڈے اور شرارت پسند کو سزا نہیں دی گئی - ان حالات میں مختلف مقامات میں فسادات ہوئے ہیں - اور وہ لوگ سمجھتے ہیں کہ ہم کھلے دل سے من مانی کر سکتے ہیں جو کچھہ چاہے کر سکتے ہیں حکومت ہمارے مقابلے میں بےبس ہے اور کچھہ نہیں کر سکتی - اس کے سوا دوسری کوئی بات نہیں ہے -

میں ایمانداری سے کہہ سکتا ہوں کہ ان فسادات کو ہندو مسلم فسادات کہنا ہندوؤں اور مسلمانوں کی توہین کرنا ہے - یہ فساد ہندو اور مسلمان نہیں کرتے ہیں - میں آپ سے یقین کے ساتھہ کہتا ہوں کہ وہاں کی پبلک - جس میں ہندو اور مسلمان دونوں شامل ہیں - آج بھی کانوں پر ہاتھہ دھر رہی ہے کہ یہ بلا - یہ مصیبت - یہ عذاب کہاں سے نازل ہوا - یہ ہندو مسلم فساد نہیں ہیں - ان کو فرقہ وارانہ فساد کہنا بھی غلط ہے - غنڈوں اور شرارت پسندوں نے ایک سکیم بنائی ہے اور اس سکیم کے ماتحت ہو جب چاہے تب فساد کرتے ہیں -

درحقیقت اس میں کوئی شک نہیں ہے کہ جب ایلکوائری ہوگی - تو یہ بات صاف ہو جائیگی کہ ایڈمنسٹریشن نے جان بوجھہ کر اس میں چشم پوشی کی یا مداخلت پولیس کے افراد نے ساتھہ دے کر بربادی کرانے کی کوشش کی - اس وقت حکام نے لوکل حکام نے - ایڈمنسٹریشن نے اپنی کمزوری بھی دکھائی اور اس سازش میں ان کا حصہ بھی دکھائی دیتا ہے - بقول سیٹھہ جی کے ۴ - ۳ تاریخ کو یہ واقعہ پیش آیا تھا اور اسکی روک تھام ہو سکتی تھی لیکن سمجھ میں نہیں آتا کہ سپیشل پولیس کے جو دستے بلائے گئے تھے وہ کیوں واپس چلے گئے - جسکے نتیجہ میں ۷ تاریخ اور ۸ تاریخ کی درمیانی رات کو اس قدر ہولناک بربادی ہوئی - جان بوجھہ کر ایک سائڈ کی اس طریقے سے بربادی کرائی جائے - یہ کسی طریقے سے بھی هندوستان کے لئے زیبا نہیں ہے - ہم پاکستان اور ایوب کے خلاف اعتراض کریں - وہ ہمارا حق ہے - کوئی ہمارے معاملے میں دخل نہ دے - ہم میں اتنی طاقت ہے کہ ہم اپنے هندوستان میں اپنے معاملات کو حل کر سکتے ہیں - جنہوں نے هندوستان کی آزادی کی جدو جہد میں جان کی بازی لگا کر - ساتھ ساتھ شریک ہو کر ملک کو آزاد کرایا ہے - جنہوں نے ون نیشن تھیوری کو ماننے کے لئے جان کی بازی لگائی ہیں - اپنوں سے گالیاں کھائی ہیں - جوتیاں بھگتی ہیں - چاقو کھائے ہیں - ان کو آج ان باتوں سے کوئی ڈر نہیں ہوسکتا کہ جب بھی کوئی ایسی فساد کی من مانی بات کی جائے- مسلم اقلیت کی تکلیف کی بات آئے تو اخباروں یا تقریروں میں فوراً پاکستان کے حوالے دے دیئے جائیں- پاکستان ریڈیو کے حوالے دے دیئے جائیں اور یہ ثابت کرنے کی کوشش کی جائے کہ اس کا پاکستان سے جوڑ تھا اس کا فلاں چیز سے جوڑ تھا - میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس طریقے سے حقیقت کو دبایا نہیں جا سکتا ہے اور اگر اس طریقے سے حقیقت کو دبانے کی کوشش کی جائے گی تو اس سے ملک کو کوئی بھی لابھ اور فائدہ نہیں ہو سکتا - بلکہ ملک کو انتہائی نقصان ہو سکتا ہے -

اس حالت میں ہمیں اس بات کا کیا خوف ہے کہ کوئی کیا کہتا ہے اور پاکستان کے ساتھ جوڑنے کا ٹھیکہ کیوں اپنایا جاتا ہے ہم اس کے خلاف ضرور آواز اٹھائیں گے کیا ہر جگہہ ظلم اور بربادی ہوتی رہیگی اور اگر اس کے بارے میں مسلمان اقلیت کسی بات کو کہیگی تو یہ کہکر اس کا منہہ بند کر دیا جائیگا کہ پاکستان سے جوڑ ہے - پاکستان ریڈیو سے جوڑ ہے - اس طریقہ سے حقیقت کو دبایا نہیں جا سکتا ہے - یہ بات کوئی معنی نہیں رکھتی کہ اس طریقہ سے ایک اقلیت کو دبانے کی کوشش کی جائے - یہ دیکھنے کی بات ہے کہ جبلپور میں ایک سائڈ کی اس طرح بربادی

[شی م - ح - رحمان]

کیوں ہوئی - جبلپور میں دو جانب سے کوئی بات ہوئی ہو مگر اس کا کوئی ثبوت نہیں ملتا لیکن تو بھی یہ بتایا جائے کہ کس طرح و تاریخ کو ساگر - کٹنی- دموہ- نرسنگھپور- سرویا اور تمام دیگر مقامات پر بارہ سے چار بجے تک سازش سے سینکڑوں مکان جلا کر خاک کر دیئے گئے - کیا پولس اور ایڈمنسٹریشن کے موجود ہوتے ہوئے کوئی اس طریقے سے بربادی کر سکتا ہے - اطمینان کے ساتھ پیٹرول چھڑکا گیا- اطمینان کے ساتھ آگ لگائی گئی ا بڑی بڑی قلعہ نما عمارتیں خاک سیاہ کر دی گئیں - ایک ایک انسان کا دس دس - بارہ بارہ لاکھ کا نقصان ہوا - کالے خاں محمد حنیف کی کوئی معمولی فرم نہیں تھی - دس بارہ لاکھ کا اسکا نقصان ہو گیا - اس کی بیڑی کی تجارت تھی - وہ مسلمانوں کے ہاتھ میں تھی - اسکو اقتصادی مار مار کو برباد کر دیا گیا - فیروزآباد میں چوڑیوں کی تجارت تھی وہاں مسلمانوں کی صنعت و حرفت کو تباہ کیا گیا - کیا کچھ فرقہ پرست عناصر نے یہ طے کر لیا ہے کہ اس طریقہ سے مسلمانوں کو - جو موجودہ اکانومکس اور اقتصادیت میں خود بد حال ہیں اس ملک میں بالکل تباہ کرکے بھکاری اور فقیر بناکر چھوڑدیں اور یہ حکومت بے بس ہو - بے چارہ ہو - اور کچھ کر نہ سکے - سب کچھ ہو جائے تو پھر اس کی ایکوائری ہوتی پھرے اور اس کے بعد

یہ کرو - وہ کرو - آخر اتنا بڑا واقعہ ہو کیسے گیا - تین ضلعوں میں بارہ جگہہ ایسے واقعات کیسے ہوگئے - حکومت کو اس پر غور کرنا چاہیئے -

مجھے اس بات کا احساس ہو رہا ہے کہ ان معاملات میں کب تک تسلسل جاری رہیگا - کیا پورے ہندوستان کو اس میں لپیٹ دیا جائیگا - ابھی دو تین دن پہلے دھلی میں بھی یہی ٹیکنیک چلی تھی - لیکن وہاں کے ہندو اور مسلمان- ہم لوگ جو وہاں رہتے ہیں ۱۱ بجے رات کو وہاں پہنچ کر تین بجے تک رہے اور ہندو لیڈروں کے ساتھ جو وہاں موجود تھے - اس بات کی کوشش کی کہ اس واقعہ کو معمولی طور پر ختم کرکے اس کو کسی طریقے سے آگے نہ بڑھنے دیاجائے - میں یہ بتانا چاہتا ہوں کہ جن کے پاس - طاقت - شکتی اور مادی پاور نہیں ہے جب وہ اس طریقے سے اس معاملے کو حل کر سکتے ہیں تو ایڈمینسٹریشن - حکومت کے افراد - لوکل اتھارٹیز اگر چاہیں تو کیا امن قائم نہیں ہو سکتا -

مگر حکومت بے بس نظر آتی ہے اور شرارت پسند لوگ جو کچھ چاہتے ہیں کر گزرتے ہیں -

آج سب معاملوں میں ان کی مخالفت کرنے کے بجائے ان کی حوصلہ افزائی کی جاتی ہے - زور شور کے ساتھ پارلیمنٹ میں یہ تو کہا جاتا ہے کہ

فرقہ پرستی کو کسی بھی صورت میں برداشت نہیں کیا جائے گا - لیکن ہو کیا رہا ہے - مسلم اقلیت تباہ بھی ہو رہی ہے - اور برباد بھی ہو رہی ہے اور ایکشن اور ری ایکشن کے نام پر شرارت پسند لوگ جو چاہتے ہیں کرتے جا رہے ہیں - اس طرح کی باتیں ہونے دینا کسی بھی سیکولر اسٹیٹ کے لئے مناسب نہیں ہے اور نہ ہو سکتا ہے -

میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ مسلم اقلیت کا ملازمتوں میں کیا حال ہے - کیا آپ نے کبھی اس کی انکوائری کی ہے کہ ان میں اقلیتوں کو کیوں نہیں لیا جا رہا ہے - کیا اقلیتوں کے جتنے بھی بچے ہیں - مسلمانوں کے جتنے بھی بچے ہیں عیسائیوں و سکھوں کے جتنے بھی بچے ہیں وہ اتنے نالائق ہو گئے ہیں کہ ان کے لئے کوئی جگہہ ہی نہیں ہے - اسٹیٹ گورنمنٹس کے گزٹ چھپے ہوئے ہیں - گورنمنٹ آف انڈیا کے گزٹ چھپے ہوئے ہیں - بتایا جائے کہ ان پچھلے چودہ سالوں میں اقلیتوں کے کتنے لوگ نوکریوں میں لئے گئے ہیں - پہلے تو ان کو انٹرویو میں ہی نہیں بلایا جاتا ہے اور اگر بلا بھی لیا جاتا ہے تو انکو جگہہ نصیب نہیں ہوتی ہے - وہ تباہ اور برباد ہو رہے ہیں - میں مانتا ہوں کہ یہ رزرویشن کا سوال نہیں ہے - لیکن اگر کوئی ایسے حالات میں ریزرویشن کی بات کہتا ہے یا ریزرویشن کی بات کو اٹھاتا ہے تو اسے فرقہ پرست کہا جاتا ہے اور اس بنا پر کہا جاتا ہے کہ اس نے ریزرویشن کا لفظ کیوں کہہ دیا - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ سیکولر اسٹیٹ کے وہ لوگ، کیا فرقہ پرست نہیں ہیں جو نہ یہ چاہتے ہیں کہ مسلمانوں کو ملازمت میں لیا جائے اور ان کو تباہ اور برباد کیا جائے - ان کی اقتصادیات اور ان کے طریقہ زندگی کو ختم کیا جائے - آج مسلم اقلیت کو بھی یعنی ایک کیمونٹی کو دبانے کے لئے نہ ملازمت میں لیا جاتا ہے نہ تجارت کرنے دیا جاتا ہے اور نہ ان کو اپنی اقتصادی زندگی کو جاری رکھنے کا حق دیا جاتا ہے - روز مرہ کی جو شہری زندگی ہے - جو امن کی زندگی ہے اس تک کو بھی دینے کے لئے وہ تیار نہیں ہیں - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ اس سے زیادہ بھی کوئی فرقہ پرستی دوسری ہو سکتی ہے - اس کا کیا مطلب ہے - میں یہ نہیں کہتا کہ اکثریت کے سبھی لوگ برے ہیں - اس میں سے تھوڑے برے ہیں - اس میں ہندو مسلمان کا کوئی سوال نہیں ہے - ہندو مسلمان کا کوئی جھگڑا نہیں ہے دونوں گلے ملنے کو تیار ہیں - لیکن چند شرارت پسند لوگ اکثریت میں ایسے ہیں جو کہ اقلیتوں کو اس طرح سے دبانے کی کوشش کرتے ہیں - اگر ان کی ہاؤس میں بھی مختلف طریقوں سے حوصلہ افزائی کی جائے تو کیا ہوگا - کیسے کام چلے گا - کیسے ہماری اسٹیٹ سیکولر اسٹیٹ بن سکے گی - آخر سیکولر

شری م - ح - رحمان

اسٹیٹ کا مطلب کیا ہے - صرف سیکولر اسٹیٹ کہہ دینے سے وہ سیکولر اسٹیٹ نہیں بن جاتی ہے - اس کا مطلب یہ ہے کہ روزمرہ کی جو زندگی ہے اس کو بسر کرنے کا سبھی کو حق حاصل ہو - ملازمت سبھی کو پانے کا حق حاصل ہو - تجارت کرنے کا سبھی کو حق حاصل ہو - لیکن کیا وجہ ہے کہ اقلیتوں کو آج نوکریاں نہیں ملتی ہیں - ملک کی اقتصادیات میں - تجارت میں پرمٹ نہیں ملتے ہیں - فائیو ایر پلان میں کوآپریٹو سوسائٹیز کو جو جگہ ملی ہوئی ہے ان کے بارے میں ان کو مایوسی کا منہ دیکھنا پڑتا ہے -

दूसरी बात यह है कि जो हमारे कम्युनिस्ट पार्टी के लोग हैं उन की नीति हमारी समझ में नहीं आती है । कम्युनिस्ट पार्टी के नेता एक ओर तो चीनी से दोस्ती रखना चाहते हैं और दूसरी तरफ हिन्दुस्तान के प्रति भी वफादार बने रहने का दावा करते हैं । मैं अपने उन मित्रों को कहना चाहूंगा कि भाई अब ऐसा अवसर आ गया है जबकि आप को एक तरफ रहना पड़ेगा यह दुतरफा मामला अब नहीं चलने वाला है । या तो हिन्दुस्तान की सुरक्षा के हेतु पूरी तरह से भारतीय राष्ट्र और राष्ट्रीय सरकार के साथ रहिए और हिन्दुस्तान में जिस तरीके से गरीबी का मसला हल करना हो उस में यहां की सरकार का साथ दीजिये और उन से पूर्ण सहयोग कीजिये और नहीं तो साफ साफ कहिए कि हम आप के साथ नहीं हैं । अब इस में भी आप देखेंगे कि हमारे प्रधान मंत्री जी नौन वाएलेंस की नीति पर मजबूती से जमे हुए हैं और हमारे प्रधान मंत्री जी आप के साथ कितने नौन वाएलैंट हैं । अगर चीन और रूस में इस तरह के लोग होते तो वहां पर उन को गोली से उड़ा दिया गया होगा । इस में भी आप को गांधी जी को अहिंसा का प्रभाव देखने को मिलेगा । अब इसी सदन में हम लोग ३७५ के लगभग हैं तब भी हम और हमारे प्रधान मंत्री जी कितने नौन वाएलैंट हैं और पूर्ण रूप से सत्य और अहिंसा का बर्त्ताव आप के साथ करते हैं .

उपाध्यक्ष महोदय : मेरे साथ तो माननीय सदस्य बर्त्ताव का जिक्र नहीं कर रहे हैं ?

श्री विभूति मिश्र : उपाध्यक्ष महोदय, जी आप का जिक्र में कतई नहीं कर रहा हूं । आप के साथ तो एकदम हमारा आदर-निष्ठा और सत्य अहिंसा का बर्त्ताव है । मैं तो यह बर्त्ताव की बात अपने विरोधी सदस्यों के लिए कह रहा था । उन को तो हिन्दुस्तान का और कांग्रेस के इतिहास का पता नहीं है कि

[श्री विभूति मिश्र]

कांग्रेस ने भारत की स्वाधीनता के लिये कैसी कैसी लड़ाइयां लड़ीं और यातनायें झेलीं। अलबत्ता कुछ भाई हैं जिन को कि इस बारे में पता है जैसेकि कृपलानी जी। अब वे हमारे अपने घर के आदमी रहे हैं जोकि अभाग्यवश आजकल हम से बिछुड़ गये हैं उन को कांग्रेस का इतिहास भली भांति मालूम है। लेकिन कुछ आदमी ऐसे हैं जिन को कि इस के बारे में पता भी नहीं है।

अब उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी सरकार से एक दो बातें निवेदन करना चाहता हूं। पहली बात तो शुगरकेन इण्डस्ट्री की है। अगर और किसी इण्स्डट्री के कारखाने में हड़ताल हो जाये तो इतना ज्यादा नुकसान नहीं होता है। लेकिन अगर शुगरकेन की फैक्टरी में हड़ताल हो जाय तो उसमें शुगरकेन ग्रोअर्स का बड़ा नुकसान होता है। यह शुगरकेन इतना कच्चा सौदा है कि अगर गन्ना मिल में हड़ताल हो जाये तो किसान तबाह हो जाता है। अभी हमारे क्षेत्र में हरिनगर शुगर मिल में एक हड़ताल हुई थी, वैसे मिल तो चल रही है लेकिन मजदूर और मालिकों का मामला अभी तक तय नहीं हुआ है। मैं प्रार्थना करूंगा कि सरकार को विशेष कर इस शुगरकेन व्यवसाय के बारे में कौटेन की तरह से खास तौर से कोई ऐसा कदम उठाना चाहिए ताकि गन्ना मिलों में हड़ताल न हो। लोहे के कारखानों की बात जुदा है लेकिन यह शुगर केन का बड़ा कच्चे सौदे वाला व्यापार है जो और एक रोज की देर हो जाय तो शुगर केन का मामला ऐसा है कि लोग और उसकी जीव जन्तु खा जायेंगे और उसमें किसान को बड़ा नुकसान होता है और हमारे प्रोडक्शन को नुकसान पहुंचता है। अभी प्रश्नोत्तर काल में सुना था कि ५ लाख टन हम बाहर भेजेंगे। हम कहते हैं कि हिन्दुस्तान का किसान जिन चीजों को पैदा करता है उनकी कीमत जो कारखानों से चीजें पैदा होती हैं उनके साथ जोड़ी जाय। इसमें कंज्यूमर्स की भी रक्षा को जाये। मैं चाहता हूं कि कंज्यूमर्स का भी ख्याल किया जाये। जो फैक्टरी गुड्स हैं उनका भी ख्याल किया जाय और जो चीजें किसान पैदा करता र उनका भी ख्याल किया जाय। जब तक आप इसका खयाल नहीं करेंगे किसानों को बड़ा घाटा रहने वाला है। हमारी सरकार ने ८२ करोड़ का गल्ला बाहर से मंगाया। उसका नतीजा हुआ कि हिन्दुस्तान में जो गल्ला था उसके दाम गिर गये और किसानों को घाटा हुआ।

मैं समझता हूं कि इस सदन में करीब ८५ फीसदी सदस्य किसानों के वोट पर चुन कर आये होंगे बाकी १५ फीसदी ऐसे होंगे जो कि शहर वालों के वोटों से चुन कर आये होंगे। लेकिन आज उन किसानों की हालत देखिए कि कैसी शोचनीय है। यह फैक्टरी वाले बहुत पैसा खींच ले जाते हैं मार ले जाते हैं और किसानों को बहुत कम मुनाफा मिलता है। आज तो जूट के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गये हैं। इसके लिए मैं शास्त्री जी को धन्यवाद देता हूं लेकिन एक मन जूट में जितने बोरे बनते हैं उतने बोरों की कीमत लगाई जाये तो उसके मुकाबले में किसान को एक मन जूट के दाम बहुत कम मिलते हैं और हम देखते हैं कि फैक्टरी ओनर्स को जूट की प्राइस बढ़ने से किसानों की अपेक्षा बहुत ज्यादा मुनाफा होता है। मैं अपनी सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि एक इंटैगरेट्ड प्राइस पालिसी होनी चाहिये, प्राइस बोर्ड नहीं क्योंकि प्राइस बोर्ड में तो एक चीज के दाम रक्खेंगे। कंज्यूमर्स का ख्याल करते हुए, फैक्टरी गुड्स जो पैदा होते हैं उनका ख्याल करते हुए, जो चीजें पैदा होती हैं उनका खयाल करते हुए और किसान का ख्याल करते हुए कि उसका कैसा स्टैण्डर्ड आफ लिविंग होना चाहिये उसका ख्याल रखते हुए एक इंटैगरेट्रेड प्राइस

बोर्ड होना चाहिये जो सब को जोड़ कर ले कर ले चलें और ऐसा करना बहुत जरूरी है । मैंने भावनगर कांग्रेस में भी इसके बारे में कहा था ।

हमारे प्रधान मन्त्री जी ने कहा था कि कोग्रापरेटिव्स बनाइये । कोग्रापरेटिव्स बनाने के लिए मैं सचेष्ट हूं लेकिन हालत यह है कि उन्होंने कहा कि एक हजार की आबादी के ऊपर कोग्रापरेटिव्स बननी चाहियें लेकिन आज जितनी कोग्रापरेटिव्स हैं वह ४००० की पापुलेशन पर हैं और एक हजार की पापुलेशन पर कोग्रापरेटिव्स नहीं बनी हैं । ४००० की आबादी पर चलाना मुश्किल होता हैं । १००० पर बनने से ठीक हो जायगा । इसलिये मैं कहूंगा कि चूंकि हमारे प्रधान मन्त्री महोदय वाद-विवाद का जवाब देंगे, यह बेहतर हो कि अगर वह स्टेट गवर्नमेंट को इसकी सूचना दें कि १००० की आबादी पर कोग्रापरेटिव सोसाइटीज बनाई जायें ।

अब उपाध्यक्ष महोदय, एक बात का मैं और अपनी सरकार से आग्रह करना चाहता हूं । हमारे हरिजन भाइयों को जो छात्रवृत्तियां दी जाती हैं उनमें हमें कोई ऐतराज नहीं है । बैकवर्ड क्लासेज को दी जाती हैं उनमें हमें कोई ऐतराज नहीं है । लेकिन मेरा कहना है कि उनके अलावा कुछ अन्य जातियां भी हैं जिनमें कि बहुत गरीब विद्यार्थी रहते हैं और सरकार को उनको छात्रवृत्ति देनी चाहिए । आप कहते हैं कि हम उनको मैरिट पर देंगे तो मैं आपसे पूछता हूं कि एक ओर तो एक सेठ का लड़का है जिसको कि पढ़ाने के वास्ते मास्टर लगा हुआ है और दूसरी तरफ उस गरीब का लड़का है जिसको कि खाने और पहनने को कपड़ा नहीं है और जो स्कूल में जाता है वह उस सेठ के लड़के के मुकाबले में मैरिट में कैसे आगे आ पायेगा ? उसकी मैरिट कैसे तेज होगी ? पहले तो हमारे यहां पर गुरुकुल का रिवाज था जहां पर कि राजा और रंक के लड़के एक साथ गुरू के चरणों में बैठ कर विद्या सीखते थे और वहां पर अलबत्ता दोनों को समान रूप से विद्या मिलती थीऔर उस हालत में मैरिट की बात सोचनी ठीक भी थी लेकिन आजकल की शिक्षा प्रणाली में तो वह सम्भव नहीं है और होगा यह कि उन गरीब लोगों के लड़के जिनको कि छात्रवृत्ति नहीं देते हैं वे पीछे रह जायेंगे और एकदम बैकवर्ड क्लास के हो जायेंगे । इसलिये मेरा खयाल है कि जैसे आप हरिजन आदि लोगों को छात्रवृत्ति देते हैं वैसे ही जो और जातियां हैं जो कि वास्तव में बहुत गरीब हैं उनके लड़कों को भी छात्रवृत्ति दें और उनके साथ भी आप न्याय करें ।

दूसरी बात यह है कि हमारे देश में विषमता बहुत ज्यादा है, डिस्पैरिटी बहुत ज्यादा है । एक शुगर फैक्टरी वाले ने मुझ से कहा कि आखिर साल में उस को क्या बचता है ? सिर्फ १५ लाख रु० बचता है । कुछ नहीं बचता है । अब आप सोचिये कि जो काम करे, इतनी तरद्दुद उठाता है, उसका तो पेट नहीं भरता है, हलांकि वह शुगर केन पैदा करता है । मिल मालिक की फैक्ट्री में कोई खूबी नहीं है, अगर कोई खूबी है तो यही कि उसने रिजर्व बैंक से पैसा लिया, कुछ और लोगों से पैसा लिया और बैठ कर कारखाना चलाने लगा । इसके अलावा और कोई खूबी नहीं । कारखाने की टक्नीकलोजी को जिसने पैदा किया, खूबी उसकी है न कि मिल मालिक की । मिल मालिक का काम केवल मैनेजमेंट करना है और फैक्ट्री चला देना है, फिर भी उनका इतना कायदा हो और जो आदमी कारखाने को सामान देता है, उसका कोई फायदा नहीं । जो हमारे भाई एकानामिक्स पढ़े हुए हैं वे कहते हैं कि टैक्स लगाओ । लेकिन टैक्सेशन की पालिसी फेल कर गई । इतने टैक्सेशन के बावजूद आप के पास कितना पैसा जमा हुआ है ? कहा है कि मिल मालिकों के पास सेविंग होना चाहिये ताकि आगे

[श्री विभूति मिश्र]

डेवलपमेंट हो । मैं यह भी मान लेता हूं कि यह व्यवस्था रहे, लेकिन जो सेठ हैं, जो धनी हैं, जो सरकारी नौकर हैं, उनका और जो गरीब आदमी हैं, उनका जीवन का मापदण्ड एक होना चाहिये । अगर वे लोग बीमार पड़ जायें, तो आप उनको अच्छी दवा दीजिये, दूध दीजिये, मक्खन दीजिये, लेकिन बीमार न हों तो सब के लिये एक सी चीज होनी चाहिये । जिस तरह से गांधी जी सर्वोदय और अन्तोदय की बात कहते थे उसी तरह से आप को करना चाहिये था, लेकिन आप सर्वोदय और अन्तोदय के आधार को नहीं मानते हों फल यह हो रहा है कि डिस्पैरिटी बढ़ती जाती है । इस विषमता के बढ़ने का जो नतीजा होगा वह मुल्क के लिये अच्छा नहीं होगा । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि विषमता आगे न बढ़ाये । जो आप की टैक्सेशन वगैरह की नीति है उस सब के बावजूद अगर एक जगह माल जमा हो जाता है तो उससे एक तरफ अमीरी बढ़ती जाती है और दूसरी तरफ गरीबी बढ़ती जाती है । आज अमीरी और गरीबी के फर्क को मिटाने की जरूरत है ।

मैं आप से कहना चाहता हूं कि आज जो हमारा राजतन्त्र चल रहा है वह खाली अंग्रेजी वालों का राजतन्त्र है । चाहे आप स्टेट्स को ले लें चाहे सेन्टर को ले लें, वहां से यहां तक अंग्रेजी जानने वाले ही या तो मिनिस्टर हैं या चीफ मिनिस्टर हैं या और पदों पर हैं । मैं जानना चाहता हूं कि स्वराज्य की लड़ाई में उन्होंने कितना त्याग किया ? और अगर यही समाजवाद है तो मैं बतलाना चाहता हूं कि जो हमारे बहुत से दूसरे लोग हैं, भले ही वे अंग्रेजी न जानते हों लेकिन वे बहुत से अंग्रेजी भाषा जानने वालों से ज्यादा होशियार हैं और राजतन्त्र को अच्छा चलाने वाले हैं । मैं नहीं कहता कि यहां पर हिन्दी ही हो, और भाषाओं के जानने वाले भी बहुत योग्य लोग हैं । हमारे श्री कामराज नाडार मद्रास के चीफ मिनिस्टर हैं, उनकी सरकार बहुत अच्छी चल रही है और उसकी प्रशंसा भी हुई है न कि अंग्रेजी जानने वालों की । मैं नहीं जानता कि हमारे यहां अंग्रेजी का इम्पीरियललिज्म कब तक चलता रहेगा । अंग्रेजी जानने वालों का यह इम्पीरियलिज्म जो है उसे खत्म होना चाहिये हमारे मौलाना साहब तो स्वर्गवासी हो गये, उन के बाद अब कोई ऐसा आदमी नहीं है जो अपनी भाषा को जानते हुए ही सरकार का काम चलाये । आज यू० एन० ओ० में भी होता है कि विभिन्न भाषाओं का इस्तैमाल होता है । वहां पर आये प्रतिनिधि अपनी भाषाओं में भाषण देते हैं और तुरन्त उनका ट्रांस्लेशन हो जाता है ।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप का समय समाप्त हो गया ।

श्री विभूति मिश्र : मैं अर्ज करना चाहता हूं कि मुझे आज लोकसभा का मेम्बर रहते दस वर्ष हो गये, लेकिन इन दस वर्षों में केवल इसी बार मुझे प्रेजिडट के ऐड्रेस पर बोलने का मौका मिला है, जबकि हमारे संविधान में लिखा है "ईक्वेलिटी, फ्रैटनिटी और जस्टिस ।" यह सारी चीजें लिखी हुई हैं । लेकिन हमारे साथ क्या हुआ । संविधान में लिखा होने पर भी जस्टिस होगी, ईक्वलैटी होगी दस वर्षों में मुझे आज पहली बार प्रेजिडेंट ऐड्रेस पर बोलने का मौका मिला है । जो हमारे विरोधी दल के भाई हैं उन को आप २० मिनट देते हैं लेकिन हम को बहुत कम देते हैं । मेम्बर तो सब बराबर हैं । उनका वोट डेढ़ नहीं गिना जायेगा, सब का एक ही वोट गिना जायेगा, लेकिन उन को आप 20 मिनट देते हैं और हमें १५ मिनट देते हैं । सदस्यों में कोई फर्क नहीं है, सब को वोट एक ही है ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार जो है वह बराबर फारेन एक्सचेंज के चक्कर में है । मैं चाहता हूं कि

हमारे देश में जो सहूलियतें हैं, जो साधन हैं, उनको खर्च करने में पूरी आस्टेरिटी का खयाल रक्खा जाय । हमारे देश में जितना सामान है उसको ठीक से इस्तैमाल करने के बाद जो कमी हो उसी को पूरा करने के लिये हम बाहर से कर्ज लें । हम देख रहे हैं कि हमारी कर्ज खाने की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है । जब एक आदमी कर्ज खाने लगता है तो उसकी आदत बिगड़ती जाती है । मैं इसके खिलाफ हूं कि बाहर से कर्ज लिया जाय वैसे न लिया जाय हम केवल अपनी आवश्यकता को देख कर ही कर्ज लें, सिर्फ कर्ज खाने के लिये बाहर से पैसा न लें । जितने हमारे साधन हों हम उन से ही काम लेने का प्रयत्न करें ।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : उपाध्यक्ष महोदय, मैं दो दिन से लगातार शासक दल के लोगों के मुख से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रशंसा के गीत सुनता चला आ रहा हूं । मैंने भी प्रथम दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना, लेकिन निराशा के अलावा कोई दूसरी चीज मेरे पल्ले नहीं पड़ी । पूरे का पूरा अभिभाषण बिल्कुल निर्जीव, निष्प्राण और निराशाजनक था । इस तरह के अभिभाषण को कभी भी राष्ट्रपति के अभिभाषण की संज्ञा नहीं दी जा सकती है ? जिस समय मैं राष्ट्रपति का अभिभाषण सुन रहा था तो मैं यह फर्क नहीं कर पा रहा था कि मेरे कानों में जो शब्द आ रहे थे वे किसी व्यक्ति या मानव के बोल हैं या कहीं मशीन से कोई ध्वनि निकल रही है । जिस भाषण के अन्दर देश की जनता की आकांक्षायें और उसकी आशायें व्यक्त न हों, उसको कैसे अभिभाषण कहा जा सकता है । राष्ट्रपति का अभिभाषण तो वह हो सकता है जिस में किसी भी देश के उज्जवल भविष्य की आशा हो ।

बहुत सी बातें सीमा के सिलसिले में भी ही गई है, लेकिन एक बात भी स्पष्ट तौर से ही कहती गयी । अगर उस पूरे के पूरे भाषण को बांटा जांय तो उस को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है : पहला विदेश नीति, दूसरा गृह-नीति और तीसरा हिन्दुस्तान में आने वाले विदेशी मेहमानों की मेहमान नवाजी, उन पर होने वाला खर्च और उन का स्वागत और सत्कार । अगर मैं सब से पहले विदेश नीति को लूं और अभी तक जो कुछ भी सरकार ने किया है उस के कामों को लूं तो कहा जा सकता है कि पूरे का पूरा अभिभाषण किसी भी असफल सरकार की असफलताओं की दुःखभरी कहानी है और अपनी सीमाओं पर होने वाली हलचलों के बारे में कहा गया है कि वह चीन की दुराग्रह नीति है । मैं आप के द्वारा सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आज भी हिन्दुस्तान की सीमाओं पर चीनी अजगर फुफकार रहा है, उस चीनी अजगर ने लम्बी सांसें खींच कर हमारे मुल्क ी १३,००० वर्ग मील धरती को निगल लिया है या उस पर कब्जा कर लिया है । सरकार कहती है कि मौका पड़ेगा तो तलवार उठायेगा । हमारे मिश्र जी कहते हैं कि उन्होंने अंग्रेज हुकूमत से जबर्दस्त लड़ाई लड़ी है । लेकिन मैं उस को बतलाना चाहता हूं कि उस लड़ाई में जितना हिस्सा उन्होंने लिया है, उस से अधिक हिस्सा विरोधी दल में बैठने वालों ने किया है । अगर आप को किसी समय दस वर्ष की सजा हुई थी तो मैं बतलाना चाहता हूं कि मुझे भी सन् १९४२ में ४२ सालों की सजा हुई थी । इसलिये यह उन्हीं के लिये कोई गर्व की बात नहीं है । मुल्क सब का है । भले ही कुछ लोग मुल्क की आजादी की लड़ाई में अभी तक हिस्सेदार न रहे हों, लेकिन हम यह कैसे कह सकते हैं कि आगे आने वाली लड़ाई में भी वे हिस्सेदार नहीं हो सकते हैं । अगर मुल्क को बचाना है तो सारे मुल्क को साथ ले कर चलना होगा लोगों की तरफ उंगली उठा कर किसी मुल्क को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है ।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह लोग जिन्होंने सारी जिन्दगी अंग्रेजी राज की जड़ों में हिन्दुस्तान के गरीबों का खून दिया वही लोग आज आपके साथ शामिल

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

हैं, हमारे साथ नहीं हैं । इन्हीं लोगों ने अंग्रेजी फौजों में हिन्दुस्तान के गरीबों को जरमनी और जापान के मोर्चों पर भिजवाया । जूझने वाले गरीबों के बेटे थे, जिन्होंने दुश्मनों की गरम गोलियों को अपनी छाती के खून से ठंडा किया, लेकिन कौन उनको पूछता है ? जिन्होंने सन् १८३७ की आजादी की लड़ाई में अंग्रेज का साथ दिया वह आज आपकी बगल में बैठे हैं । आज आप उनको बड़ी बड़ी पेंशनें दे रहे हैं और उनको इस प्रकार उनकी गद्दारी का इनाम दे रहे हैं । और इस तरफ वह लोग बैठे हैं जिन्होंने सारी जिन्दगी अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, उनकी तरफ आप इशारा करते हैं । मैं चाहता हूं कि इस तरह की बहस यहां इस सदन में अब न हो । इससे बदमगजी बढ़ती है, इससे प्रेम और मुहब्बत की गंगा नहीं बह सकती । मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब मौका आएगा चीनी पलटनों को हिन्दुस्तान से धक्का देकर बाहर निकालने का, तो हमी लोग होंगे जो अपने हाथ से चमचमाती शमशीर लेकर, जिस तरह से हमने ब्रिटिश शाहनशाहियत का मुकाबला किया, उसी तरह से इन चीनी पलटनों को हिन्दुस्तान से निकाल कर रहेंगे ।

सज्जनो---

एक माननीय सदस्य : अभी चुनाव बहुत दूर हैं, एक साल दूर हैं ।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन के अन्दर अनेकों दल और अनेकों पार्टियां हैं । मैंने यह अनुमान किया था कि हिन्दुस्तान की सीमाओं पर हमला होने के बाद हिन्दुस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी कुछ अपनी नीति को बदलेगी, उनके मन में भी अपनी भारत माता की मुहब्बत का जज्बा उठेगा । लेकिन मुझे कामरेड डांगे की स्पीच को सुन कर गम्भीर निराशा हुई । लेकिन उससे भी अधिक निराशा मुझे उन लोगों से हुई जो हमेशा अखंड भारत का नारा लगाते हैं और जिनके नेता खंडित भारत के भागीदार रहे हैं । आज वही दिया वाली पार्टी जन संघ. और उसके नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी भी कांग्रेस के कूंड में कूंड करके उनकी हां में हां मिला रहे हैं । वह धर्म की बात करते हैं और हिन्दुस्तान की तहजीब की बात करते हैं । मैं उनसे पूछता हूं कि आज वह किस तरह खामोश हैं ? जो स्थान हमारे धर्म का हमारी सभ्यता और संस्कृति का केन्द्र था, जहां पर शिव ने तपास्या की, जहां पर पार्वती ने अराधना की, जिस मानसरोवर में और जिन हिमालय की पहाड़ों और चोटियों पर हिन्दुस्तान के ऋषयों और मुनियों ने अपने लिये नहीं देश के लिये भी नहीं बल्कि समस्त मानवता के लिये उसाधना की, आज वह कैलाश हमारे हाथों से निकल गया है इसी कांग्रेस सरकार की नीति से जो कि मानती है कि यही हमारी मैकमोहन रेखा है । लेकिन जहां तक सोशलिस्ट पार्टी का सवाल है, मैं आप के द्वारा इस सरकार को बताना चाहता हूं कि अगर तिब्बत को आजाद किया जाय और तिब्बत को बफर स्टेट के रूप में माना जाये, तब तो हम लोग इस मैकमोहन लाइन को अपनी सीमा रेखा स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन अगर तिब्बत चीन के हाथों में रहता है तो यह मैकमोहन रेखा हमारे देश की सीमा रेखा नहीं हो सकती । उस दशा में अगर हमारे देश की चीन के साथ कोई भी सीमा रेखा हो सकती है तो वह उत्तर पूर्व वाहिनी ब्रहमपुत्र नदी ही हो सकती है । मानसरोवर के ऊपर का हिससा चीन का हो और मानसरोवर के नीचे का हिस्सा हिन्दुस्तान का हिस्सा माना जाय । अगर तिब्बत को स्वतन्त्र किया जाय तब

तो मेकमाहन रेखा हमारे देश की सीमा रेखा स्वीकार की जा सकती है लेकिन अगर तिब्बत चीन के कब्जे में रहेगा तो फिर यह मैकमोहन रेखा हमारी सीमा रेखा नहीं हो सकती । उस दशा में तो हमारी सीमा रेखा उत्तर पूर्व वाहिनी ब्रह्मपुत्र नदी है और वही हिन्दुस्तान की प्राकृतिक सीमा रेखा हो सकती है ।

अभी कहा गया है कि एक मौका आयेगा तब हम चीनी पलटनों को निकालेंगे । लेकिन यह तभी होगा जब आने वाले दिनों में हिन्दुस्तान सबल और शान्ति प्रिय होगा और वह सबल और शान्तिप्रिय हिन्दुस्तान ही अपनी सीमा रेखा को स्थिर करेगा और वहां जा कर अपने राष्ट्र का झंडा गाड़ेगा ।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में हिन्दुस्तान में आने वाले मेहमानों का जिक्र है जो कि विदेशों से हमारे देश में आयें । अगर उन के स्वागत सत्कार पर किये गये खर्च पर गौर किया जाये तो बड़ी विडम्बना होती है । इस के अतिरिक्त आप देखें कि हमारे देश में लंका की प्रधान मंत्री श्रीमती बंडारनायके रूस के प्रधान मंत्री श्री रू, इचेव आये, संयुक्त अरब गणराज्य के करनल नासिर और इसी तरह से दूसरे अनेक मेहमान आये और ब्रिटेन की महारानी भी आयीं । लेकिन उस अभिभाषण को आप पढ़ें तो सब से पहले ब्रिटेन की महारानी का नाम आता है । अगर आप रेल का टिकट लेनें जायें तो वहां पर क्यू लगता है और जो पहले आता है उस को पहले टिकट दिया जाता है, लेकिन यहां पर पक्षापात बरता गया है । जो मेहमान महरानी से पहले आये थे उन का नाम बाद में लिखा गया है । श्रीमती बंडारनायक और करनल नासिर महारानी से दो चार महीने पहले आये थे, लेकिन महारानी का नाम सब से पहले लिखा गया । इस प्रकार कैसे दूसरे मुल्कों के साथ हिन्दुस्तान अपनी दोस्ती बढ़ायेगा, मुझे तो बड़ा ताज्जुब और अचरज होता है ।

एक माननीय सदस्य : महारानी एक लेडी हैं ।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : और अगर आप लेडी की बात करते हैं तो श्रीमती भंडारनायके भी एक लेडी थीं, उनका नाम सबसे पहले आना चाहिए था । लेकिन यहां लेडी का सवाल नहीं है । यहां सवाल है जार्ज पंजुम की पोती का जो कि हिन्दुस्तान में यह देखने आई हैं कि यहां पर अब ये गुलाम लोग किस प्रकार रहते हैं । इसीलिये अब उनका इतना शानदार स्वागत सत्कार किया गया । सन् १८५७ के गदर के समय के दिल्ली के कोतवाल के पोते ने विलायत के बादशाह जार्ज पंजुम की पोती का शानदार स्वागत किया और उस पर हिन्दुस्तन का तीस करोड़ रुपया खर्च हो गया है या खर्च होने जा रहा है । हमें यह देख कर निहायत अफसोस होता है । इस साल जब हमारे देश में भयंकर बाढ़ आयी तो देश में दस लाख मकान गिर गये और करोड़ों लोग बेघरबार और बेरोजगार हो गए । उन दस लाख मकानों के लिए सरकार ने दस लाख रुपये भी नहीं दिये लेकिन विलायत से आने वाली महारानी के स्वागत पर करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया जा रहा है । आज वे सारे के सारे गांव जहां से यह रुपया खिंच खिंच कर आ रहा है मरघट बनते चले जा रहे हैं और इस नई दिल्ली को महारानी को दिखाने के लिए नई दुलहन की तरह सजाया गया है, और गरीब बच्चों की नसों से खून निकाल कर यहां शानदार और आसमान चूमने वाले बंगले रंगे गये । मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि आज जो देहातों में मरघट की सी खामोशी है उसको वास्तव में मरघट की खामोशी न समझ लिया जाए । वहां एक बहुत बड़ा खतरा है । वह एक बहुत बड़ा ज्वालामुखी है जो अगर धधका और फूट पड़ा तो सरकार तो जाएगी ही—सरकारें तो आती जाती रहती हैं—लेकिन डर है कि कहीं उस ज्वालामुखी के कारण हमारी जम्हूरियत, हमारा जनतंत्र ही न चला जाए । अगर ऐसा हो गया तो हमने जो अंग्रेज से

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

लगातार ६० साल तक लड़ाई लड़ी और अपने मुल्क के लिए आजादी हासिल की उसकी सुरक्षा करने में हम सफल नहीं हो सकेंगे ।

(कुछ आवाजें)

यह बीच में क्या बकवास है । सुनो, सुनो, गम्भीरतापूर्वक सुनो । अगर मुल्क को बचाना है .....

उपाध्यक्ष महोदय : मेम्बर साहब के भाषण से पहले भी कुछ ऐसा ही मालूम पड़ा था कि जैसे वह समझते हैं कि वह किसी पब्लिक मीटिंग में भाषण दे रहे हैं । उन्होंने जो भी कहा है कि "यह क्या बकवास है" यह नामुनासिब है । यहां जब दूसरे लोग बोलते हैं तो माननीय सदस्य ही सब से ज्यादा इंटरप्शन करते हैं । अगर कोई मेम्बर उनके भाषण में इंटरप्शन करता है तो उस के लिये यह कहना कि यह क्या बकवास है, निहायत नामुनासिब है । इस लिये इन अल्फाज को वापस लीजिये ।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : मैं विदड्रा करता हूं ।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के सफा ७ पैराग्राफ नम्बर ३४ में दिया गया है कि गत वर्ष कुल ६७ विधेयक पारित हुये तथा अधिनियम बने । इसी तरह प्रत्येक वर्ष बिल पारित होते हैं और कानून बनते हैं । पर इन कानूनों पर अमल कितना होता है जरा इस पर ध्यान दीजिये और संजीदगी तथा गम्भीरता से गौर कीजिये ।

डाक वर्कर्स रग्यूलेशन आफ एम्पलायमेंट ऐक्ट सन् १९५८ में पार्लियामेंट ने पास किया था । उसी ऐक्ट के मातहत एक स्कीम भारत सरकार ने गजट की । उस स्कीम के अनुसार सन् १९५३ से कलकत्ता तथा समुद्री जहाजों पर काम करने वाले डाक मजदूरों को न्यूनतम वेतन (मिनीमम गारंटी) और हाजिरी भत्ता मिलता था । परन्तु अब सन् १९५८ के नवम्बर से कलकत्ता बन्दरगाह के मजदूरों को कानून के अनुसार जो न्यूनतम वेतन और हाजिरी भत्ता दिया जाता था, उस से अब उनको वंचित किया जा रहा है ।

इसी तरह आप देखें कि पैराग्राफ नम्बर २९ सफा नम्बर ६ पर लिखा है कि कामगर सम्बन्धों में सुधार हुआ है और गैरहाजिरी के दिनों में काफी कमी हुई है । इसका सब से अच्छा सबूत यह है कि अकेले कलकत्ता बन्दरगाह के चीपिंग और पेंटिंग विभाग के पांच हजार मजदूर आज भी हड़ताल पर हैं और उनको हड़ताल करते हुये लगातार बीस दिन हो गये हैं ; लेकिन इस सरकार को और लेबर मिनिस्टर को इस बात की कोई भी चिन्ता नहीं है कि ये पांच हजार मजदूर किस तरह से जिन्दा हैं और अभिभाषण में लिखा यह जा रहा है कि कामगर सम्बन्धों में सुधार हुआ है और अनुशासन नियमावली के लागू करने का अच्छा असर पड़ा है । इन पांच हजार गरीब मजदूरों की यह मांग है कि उन सभी को बम्बई की भांति ही कलकत्ता डाक लेबर बोर्ड के मातहत काम और वेतन मिलना चाहिये, तथा जो मध्यवर्ती या बीच के दलाल या मिडिलमैन जो सारा धन या मजदूर की मेहनत डकार जाते हैं वह समाप्त होना चाहिये । सरप्लस लेबर या सरप्लस वैल्यू (अतिरिक्त श्रम और अतिरिक्त धन) जो कुछ ही बीच के लोगों के हाथ में चली जाती है वह बंद होनी चाहिये । वह बीच के हाथों में न जा कर मजदूरों को मिलनी चाहिये ।

केन्द्रीय कर्मचारियों की गत हड़ताल के पूर्व रेलवे विभाग ने गजट किया था

कि ट्रेन एग्जामिनर अर्थात् टी० एफ० आर० का प्रारम्भिक वेतन १८० रुपया मासिक किया जायेगा । इसके साथ ही साथ हड़ताल के दौरान में प्रतिदिन आल इंडिया रेडियो भी चिल्लाता रहा कि रेलवे ट्रेन परीक्षकों को प्रतिमास १८० रुपया दिया जायेगा, फिर भी वह हड़ताल क्यों करते हैं ? परन्तु हड़ताल समाप्त होने के पश्चात् अब इनको १८० रुपये के बजाय १५० रुपया ही दिया जा रहा है । यह है इस सरकार की घोषणाओं की ईमानदारी और उसके प्रति वफादारी ।

सफा नम्बर ४ पैराग्राफ नम्बर १७ में विदेशी मेहमानों की मेहमान निवाजी और उनके स्वागत सत्कार की काफी चर्चा है । इस सिलसिले में मैंने अभी यह निवेदन किया कि बाहर के मेहमानों पर जो कुछ भी खर्चा हो वह अपनी जेब को देखकर होना चाहिये । एक तरफ तो हम विदेशों से कर्ज लेते हैं और दूसरी तरफ विदेशों से गल्ला लेते हैं । अब जो मुल्क विदेशों से गल्ला और कर्जा लेकर जिंदा रहे उस मुल्क की सरकार अगर इतनी लम्बी रकम मेहमानों पर खर्च करे तो यह मुल्क किस तरीके से जिंदा रहेगा यह एक बहुत विचारणीय प्रश्न है ?

पैराग्राफ नम्बर २८ और सफा ६ पर बहुउद्देशीय नदी घाटी योजनाओं की बहुत चर्चा है । इन योजनाओं का अर्थ है कि पानी का स्रोत बढ़े तथा मुल्क में अधिक बिजली बनें परन्तु विडम्बना यह है कि युग युग की बनी हुई भागीरथी नदी जो भगीरथ प्रयत्नों से धरती पर उतरी, जिसे डलहौजी और डायर की भाषा में या फिर गला लंगोट भाषा में हुगली कहते हैं, उसमें २० बड़े बड़े जहाज डूबे पड़े हैं जिन पर कि दिन रात बालू जमती जाती है और वह जहाज पहाड़ का रूप धारण करते जाते हैं । उन को नष्ट करने के लिये सरकार के पास कोई योजना नहीं है । पहले उस नदी में १६००० टन एक जहाज माल लेकर चलता था और उस भगीरथी की छाती पर चढ़ करके कलकत्ता में आकर माल उतारा जाता था । अब हालत यह है कि जो जहाज १६००० टन बोझा लाद करके जाते थे अब वही जहाज सिर्फ ६००० टन माल ही ले जा पाते हैं । रोज खबरें आती हैं और रोजाना सवालात पूछे जाते हैं लेकिन सरकार का इधर ध्यान नहीं जाता है ।

16.33 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

जबलपुर की घटना के सिलसिले में बहुत कुछ कहा गया है । यह किसी भी मुल्क के लिए बहुत ही लज्जा की बात है । लेकिन सरकार ने क्या किया ? इस सम्बन्ध में अगर नागपुर टाइम्स अखबार देखा जाय तो नागपुर टाइम्स ने लिखा है कि ३ तारीख से ले कर ८ तारीख तक कोई भी कांग्रेसी नेता और कोई भी मिनिस्टर जबलपुर में नहीं पहुंचा . .

एक माननीय सदस्य : आप क्यों नहीं पंहुचे ?

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : जी अगर सोशलिस्टनेता पहुंचते तो उन्हीं के साथ में उन को भी पकड़ा देते इसलिये वे नहीं गये । लेकिन जिम्मेदारी तो आप की है, तनख्वाहें लें आप, मोटरों में बैठें आप, शानदार बंगलों में रहें आप, गृह मंत्री और चीफ मिनिस्टर्स बनें आप लोग और जायें वहां पर विरोधी दल के नेता यह खूब रही ? जाना चाहिये था आप को चूंकि आप की जिम्मेदारी है । आप हम से क्या कहते हैं । नागपुर टाइम्स ने जो अग्रलेख लिखा है उस से जा कर कहिए कि उस ने कितनी शर्मिंदगी जाहिर की है कि इस तरीके की घटनाएं घटें और यह सरकार खामोश रहे । लेकिन सरकार को कानपुर की घटना का तो तुरन्त ही पता चल गया था जब वहां पर एक बहिन की अस्मत लूटी गयी थी । जब एक का विरोध किया गया था तो उस वक्त मिनिस्टर्स वहां पर हाजिर थे और पार्टी के

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

कार्यालय के अन्दर मौजूद थे। वहां पर होने वाले प्रदर्शनों को दबाने के लिये पुलिस ने गोलियां चलाईं और वहां पर १६ लोग गोलियों के शिकार हुए। एक बहिन की इज्जत लुटे, उस पर पुलिस गोली चलाये और १६ लोग मारे जायें लेकिन सरकार वहां पर कुछ करने के लिए तैयार नहीं है।

यहां पर एक घटना घटी। मैं जानता हूं कि वह बहुत ही अपमानजनक घटना है लेकिन उस का यह बदला नहीं दिया जा सकता है कि हजारों लोगों के घरों को जला दिया जाय और लाखों रुपये की सम्पत्ति जला दी जाय। एक जिले में नहीं लगातार तीन जिलों में यह घटनायें हुईं और यह सरकार कुछ नहीं कर सकी है। अब इस से अधिक शर्म और लज्जा की बात मध्यप्रदेश सरकार के लिए दूसरी क्या हो सकती है?

इस के साथ साथ जरा सरकार के आदेशों के ऊपर गौर किया जाय। सन् १९५८ में उत्तर प्रदेश के लिए खंडसारी के बनाने के लिए जिले में केन्द्र द्वारा जो आदेश दी पंजाब शुगरकेन आर्डर १९५९ जारी किया गया वह आदेश ही अवैध साबित हुआ और कमेटी आफ सुबौर्डिनेट लेजिसलेशन ने २३ दिसम्बर सन् १९६० को यह कहा है:—

"Since the order has been rescinded, the Committee do not consider it necessary to pursue the matter further. However, the Committee hope that an 'order' of this nature will not be repeated in the future."

इस तरीके के आदेश दिये जाते हैं जोकि आगे चल कर सभी गलत साबित होते हैं।

मैं श्रीमान्, एक मिनट और ले कर थोड़ी सी रोशनी बनारस विश्वविद्यालय के विषय में डालना चाहता हूं। सन् १९१६ में पूज्य पंडित मदन मोहन मालवीय ने स्वर्गीय पंडित मोतीलाल नेहरू और सप्रू साहब की सहायता से विश्वविद्यालय की एक कमेटी बनाई और एक कोर्ट बनाया जिसको कि कुछ समय के बाद लार्ड हार्डिंग ने सन् १९१६ में हूबहू उस को उसी तरीके से पास किया। सन् १९१६ से ले कर बराबर राष्ट्रीय आन्दोलन के दिनों में वहां पर विद्यार्थियों ने काम किया, शिक्षकों ने काम किया लेकिन केन्द्र ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया

Mr. Speaker: Already, the hon. Member has taken 22 or 23 minutes. A number of other hon. Member are waiting.

Shri Bhadauria: Only one minute more.

Mr. Speaker: But he is going into the whole history.

श्री भदौरिया: श्रीमान्, नई हिस्ट्री को बतलाने के लिए पुरानी हिस्ट्री को भी बतलाना जरूरी है।

मैं आप से यह निवेदन कर रहा था कि सन् १९४२ के तूफानी दिनों में भी अंग्रेजों ने कभी अपनी पुलिस युनिवर्सिटी एरिया के अन्दर नहीं भेजी लेकिन आज हम देख रहे हैं कि लखनऊ विश्वविद्यालय, बनारस विश्वविद्यालय पी० ओ० सी० के सैंटर्स बने हुए हैं। वहां पर बनारस विश्वविद्यालय में १० अध्यापक निकाले गये। पहले हाई कोर्ट में और फिर उस के बाद सुप्रीम कोर्ट में उस के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने जो अपनी रूलिंग दी है उस रूलिंग में से मैं कुछ अंश यहां पर पढ़ देना चाहता हूं।

"The words do not give a discretion to take action outside the Statute. We are, therefore, of the opinion that the impugned Resolutions were ultra vires and should be quashed. In the results the appeals are allowed."

लेकिन सुप्रीम कोर्ट के उस जजमेंट के बावजूद भी जो १० अध्यापक निकाले गये और

जोकि गैरकानूनी तरीके पर निकाले गये थे, सुप्रीम कोर्ट ने उस को गैर कानूनी बताया लेकिन हम देखते हैं कि आज उन दस अध्यापकों की जगह पर नये अध्यापक नियुक्त किये जाने वाले हैं। मैं श्रीमान्, आप के द्वारा इस सरकार से और हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री महोदय से खास तौर से यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सुप्रीम कोर्ट का अनादर होगा तो फिर यह मुल्क कहां जायगा? यह एक बहुत ही गम्भीर प्रश्न आज सरकार के सामने मौजूद है और हिन्दुस्तान की लोकसभा के सामने उपस्थित है। इन शब्दों के साथ मैं अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं और मुझे यह कहते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि यह पहला मौका है जब अध्यक्ष महोदय की सदारत में मुझ को बोलने का मौका मिला।

अध्यक्ष महोदय : हमेशा मिलेगा।

Shrimati Mafida Ahmed (Jorhat): Mr. Speaker, Sir, I take this opportunity to welcome the President's Address which was a realistic appraisal of the events and achievements of the past year and an illustrative document of the Government's policies and programmes for the ensuing year. The hon. President's timely call to the Members of Parliament to work for national reconstruction and world peace is doubly welcome.

It is really unfortunate that the hon. President had to refer first in his Address to the Chinese aggression and incursions in our territory as he had to mention last year, though in the meantime the two Prime Ministers of the two great countries met, exchanged volumes of notes and held official talks for a peaceful settlement.

Since several hon. Members have referred to the talks between the Indian and Chinese officials on the border issue, I do not wish to say much except that I greatly admire the patience, perseverance and patriotic fervour with which the officials of the External Affairs Ministry conducted the talks with the Chinese officials. No doubt they rose to the high responsibility entrusted to them by the country.

To speak a few words on the Sino-Indian relations, I would like to begin by saying that we have been hearing of military movements, establishment of garrisons, collectionss of rations and other things just across the Indo-Tibetan border. It is anybody's guess what is the purpose of these preparations—a military offensive or just fortifications along the border. As the winter is receding and spring is coming, we shall know which way the Chinese wind is blowing, whether *Panchsheel* has a chance to live or the theory of inevitability of war has taken a practical shape in China. No doubt the Sino-Indian question is disturbing the mind of every Indian.

The President has given firm indication in his address that the Government of India is alive to the defensive preparedness of the country, while her traditional policy of peace will be more supreme. The President also expressed hope for a satisfactory settlement at an early date. I am also confident that since our case is just, our approach is honest, we shall have the desired result soon. Only, we have to be firm and patient. Our Prime Minister has made it clear in the Rajya Sabha yesterday that so far as India was concerned there was no dispute at all; because we have no doubt in our mind about our position in the matter, since the territory is ours and we have known it is ours. It was also heartening to hear from our Prime Minister that the border question with China would be settled when they vacate the Indian territory occupied by them. The determination and sincerity with which our Government, and specially our Prime Minister, is pursuing the border issue deserves support from all shades of opinion in the country. If we stand united and have faith in our Prime Minister's mature judgment, it might make the Chinese adopt the best course to practise *Panchsheel* in action

[Shrimati Mafida Ahmed]

and live territorially contented with India as a friendly neighbour. But at the same time I would venture to urge upon the Government to be alert to the changing tactics of Peking who is well trained in all the arts of communist strategy. The map attached to the Sino-Burmese treaty, the offer to Sikkin, Bhutan and Pakistan to negotiate for demarcation of boundaries are pointers of Peking's policy. So I hope our Government will engage all their attention to be prepared militarily for any attempt of territorial aggression on the part of China. Moreover the subversive elements of the country must be rooted out.

Sir, the House has discussed much about Congo; so I will not dilate on that point. Only, I want to say that the present unhappy situation in Congo sometime led me to think whether the cause of the Congolese leaders—mutual jealousies and struggle to gain power—is the easy way they got independence, or for political freedom they have not paid the price like other political leaders of Africa! If they had done so, surely they would have known the high moral standards which political leaders have to adopt when a country becomes free.

The situation in Congo is really very explosive. It is difficult for any one to say what the next few weeks might bring. But it is a happy trend that the U.N. is thinking of a firm action in Congo. It is important to save the lives of thousands of common Congolese. It would be the prime responsibility of the U.N. to create normal conditions in which a legal Government can be set up. I do not want to express any opinion on the wisdom or otherwise of the direct interest which big powers are taking in Congo. But I want to make it clear that if any country wants the U.N. to take firm action, it should give moral support to the U.N. Secretary-General, because he cannot be asked to act firmly on the one hand and denounced by the other.

But at the same time I wonder whether it is entirely the responsibility of the big powers, the neutral countries and the United Nations to advise the Congolese leaders. Should not the African leaders speak to their brethren in Congo and use their moral force to stop them in behaving in an uncivilised and brutal manner?

In his address the hon. President referred to the continued colonial rule in Goa and said that the Government of India stood committed to its peaceful liberation. It is true that the people of India and Goa feel very strongly about the colonial rule in Goa, when the mainland has been enjoying political freedom for the last thirteen and a half years. When India gained her political freedom by patient non-violent struggle, she cannot think of a different method of getting the Portuguese out of Goa except by peaceful means. I believe that justice may be delayed, but it cannot be denied to the Goans who have been aspiring along with their brethren in the mainland of India. I extend full sympathy to the people of Goa who have not yielded before the foreigner and are determined to fight out until their territory merges with India.

Next, the President referred to the persistent violation of human rights by the Government of South Africa where a sizeable population of Indian origin are being victimised. In this respect I want to say that a policy of racial discrimination and membership of the Commonwealth are contradictory things. The Commonwealth is a multi-racial union, and for one of its members to practise the cult of racial supremacy is an affront to the rest of the members I hope that in the forthcoming Commonwealth Prime Ministers' Conference our Prime Minister would take a stronger line. If the Government of South Africa would not mend their ways, the State should be ordered out of the community of free and civilised nations.

Sir, about our relations with Pakistan I have a few observations to make.

President Ayub Khan has been telling the world that his Government is determined to have friendly relations with India. Only a year back he proposed a Defence Pact with India; he wanted settlement on Kashmir; and he wanted closer relations between the people of India and Pakistan.

One must appreciate a little change of political climate which has come about in Pakistan since President Ayub Khan has taken over power in that country. Last year both the countries signed the Canal Waters Agreement which brought to a close a long standing and irritating problem. The Government and the people of Pakistan should realise that in the settlement of financial terms India has been sympathetic towards them at some cost to her own industrial needs. This was India's gesture towards having friendly relations with Pakistan. India has further given proof of her good intentions towards Pakistan by taking all the legal and constitutional steps to implement the Nehru-Noon Agreement. The sincerity with which India has sought to implement this agreement shows the sanctity our Prime Minister attaches to international agreements.

But what Pakistan has been doing? I am surprised at the peculiar way of Pakistan showing friendship for India —President Ayub Khan's great concern for the minorities, particularly the Muslims in India. If, as he said in Dacca last week, politically the minorities have been neutralised and economically finished, I do not know how scores of Muslims, Christians and Sikhs have found places in legislatures, judiciary, executive and diplomatic services and how I, a Muslim women, have been elected by a joint electorate to the country's highest legislature? I am extremely sorry that President Ayub Khan knows so little about the happy circumstances of all minorities in this country.

Coming to the home front, I have to say something about the set-up of the Nagaland. The President referred to the new set-up of Nagaland within the Indian Union. I wished that a reference had been made there about the four Indian airman who are still rotting in some jungle hide-outs as captives of the hostiles. The Government of India should make it clear to the new administrative set-up that the main task of them should be to get released all those four jawans and to explore the possibilities to restore peace and normalcy in that area.

On the 18th February, the interim body had been inaugurated and a five-man Executive Council from the elected representatives of various tribes has been formed. It is difficult for anyboy to prophecy at this stage whether the Governmnt of India has taken a right decision in conceding the demand of the Naga People's Convention. Reasonable douts have been expressed that the decision may lead to further disintegration of the country. No doubt, it is an extremely generous gesture on the part of the Government of India. And, I wish that the leaders of the Naga people will also rise to their new responsibilities shall endeavour to reciprocate the generous sentiments of the Government of India.

I want to say one thing more in this respect, that vigilance and stern measures are still necessary in that area. It is evident that the rebels are still active and more active than before. The hostiles, however small in number they may be, should be paralysed by firm measures. Whatever the Government policy may be, it must take due cognizance of the crucial fact that the area is one where there is very possibility of influences other than the Phizoites.

One more point and I shall conclude. I have something to say about the census which is currently being taken in the country. The census is an event of great importance, because it would provide the background for the future policies and programmes of

[Shrimati Mafida Ahmed]

the Government. The Census Commissioner and the census enumerators have a big responsibility on their shoulders. If any miscalculations are made, they would misdirect the Government and the nation. Since the matter is so important, the census enumerators should have been paid more than an honorarium of Rs. 10. I say this subject to correction. They are to work for three weeks and they have to go about long distances to cover the vast areas. This requires them to use buses, cycles and other transport facilities. Moreover, they are expected to be extra cautious in filling the questionnaire. Surely Rs. 10 is not enough incentive for such a responsible work. But I have no doubt that the country would greatly benefit from the census report of 1961. Lastly, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak these few words.

Shri Viswanatha Reddy (Rajampet): Mr. Speaker, for us on this side of the House it is a matter of happiness and gratification to see that in an election year on a general debate like this members of the opposition have not been able to be very critical of the Government. I do not say this to give a cue to the hon. Members of the opposition to start off at a tangent now but I say this in order to endorse the opinion expressed even by a great opponent of the governmental policies like Shri Dange when he said that the direction in which the policies of the Government of India are being carried on now, both in international affairs as well as in internal affairs, is in a right direction. With a little embellishments of the policies here and there, he was of the opinion, we would reach our goal. So also was the opinion expressed by Shri Asoka Mehta yesterday. The speeches made by both these leaders, with a little alterations, could very well have been made by any hon. Member on this side. Therefore, I am really very proud of the admission that even veteran opponents of the governmental policies have been forced to make in respect of the policies that are pursued by the Government of India. No doubt, there are certain voices expressed by the opposition which were rather critical, but these voices have been dismissed by Shri Asoka Mehta himself as representing the ideas of the 19th century political ideology plus the fading flame of feudalism. These voices cannot have much influence in the country and, therefore, need not be taken very seriously.

The shadow of the border problem that this country is faced with has been expressed in powerful terms and adequately by several hon. Members. I would not like to embark on a discussion on that subject at the moment but I would like to urge as passionately as I possibly can with regard to one matter which is agitating the minds of all enlightened and thinking persons in this country today, and that matter is the anxiety with regard to national discipline. Our Prime Minister has told us very often that sacrifices and burdens have to be borne by this country with calmness and determination not only during the darkest of our days but, if necessary, during the period of reconstruction. That is the advice which the Prime Minister has given us quite often. Now, there are others who have expressed the opinion that we are still not a nation.

Yesterday, both Shri Asoka Mehta and Shri Dange were referring to our citizens not being able to look up to higher values and their frittering away their energies in petty squabbles and they said that the disintegration of the country is slowly taking place. Now, all these voices have been expressed by several people, several thinkers and writers and they have been devoting a good deal of time and energy on this question. During the days of the freedom struggle, as all of us know, the nation was electrified into an effort which can be describe- as brotherhood.

17 hrs.

But today somehow something is lacking in this country. Our people are not electrified in the same way with regard to the reconstruction of the country. No doubt, reconstruction of a country might be a prosaic thing, but unless our leadership is able to inspire the country to that brotherhood on the basis of the reconstruction of the country there is not much hope, I suppose, for rapid progress in this country. Every single citizen of the country must be made to sacrifice whatever he can.

Mr. Speaker: He can continue tomorrow.

The House now stands adjourned to meet again at 11 o'clock tomorrow.

17.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, the 22nd February, 1961/*Phalguna* 3, 1882 (*Saka*).